दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 27 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 218 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## अग्निवीरों को योगी सरकार ने दी गुड न्यूज!

# यूपी पुलिस में 20% आरक्षण का एलान




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत देश की सेनाओं में सेवा देने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यह निर्णय न सिर्फ युवाओं को सेना में सेवा के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो जवान अग्निवीर योजना के अंतर्गत देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं, जब वे सेवा समाप्त कर लौटेंगे, तो उन्हें यूपी पुलिस में भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके लिए 20 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

**शहीदों के परिवारों को मिलेगी हिम्मत :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये भी बताया कि अगर कोई जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो सरकार उनके परिवार को 50 लाख रुपये की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी उपलब्ध कराती है। साथ ही शहीद के गांव या नगर में स्मारक, संस्थान या मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया जाता है ताकि उनकी शहादत को चिरस्थायी बनाया जा सके।

**कारगिल विजय दिवस पर एलान :** यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक समारोह के दौरान की।

**करंट क्राइम** **शोक संवेदना**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के बाद उनके आवास पर परिजनों से शोक संवेदना प्रकट करने के लिए रोजाना प्रमुख लोग पहुंच रहे हैं। पुत्र गिरीश पाल त्यागी एवं विधायक अजीत पाल त्यागी से मिलकर क्षेत्र एवं प्रदेश के लोग जहां अपनी यादों को साझा कर रहे हैं वहीं गम की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। शनिवार को भाजपा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पहुंचे। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गोयल व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी उनके साथ शोक प्रकट करने के लिए पहुंचे। बताते चलें कि 30 जुलाई को कवि नगर रामलीला मैदान में स्व. राजपाल त्यागी की शोक सभा संपन्न होगी।

# लेडी गैंगस्टर की 2 करोड़ 40 लाख रुपए की संपत्ति सिटी जोन पुलिस ने की जब्त

## 2 करोड़ की कीमत का मकान और दो टैंपो ट्रैवलर किए गए कुर्क

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी जोन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से संबंधित शातिर गैंगस्टर नाजिया अख्तर पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो करोड़ 40 लाख रुपए की संपत्ति को कुर्क करने का काम किया है। गैंगस्टर एक्ट की आरोपी नाजिया अख्तर की पुलिस ने ना सिर्फ दो मंजिला मकान हिंडन विहार अर्थला थाना साहिबाबाद और दो टैक्सी नंबर टैंपो ट्रैवलर को जप्त किया है। इसमें से एक टैंपो शायद नाजिया का रिश्तेदार और एक नाजिया अख्तर का टैंपो बताया जा रहा है। वहीं एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने जानकारी दी है कि मधुबन बापूधाम थाना पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है।





### कवि नगर में दर्ज हैं नाजिया पर तीन गंभीर अपराध के मुकदमे



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाजिया अख्तर निवासी चमन कॉलोनी न्यू बस अड्डा गाजियाबाद पर कवि नगर थाने में वर्ष 2023 में धोखाधड़ी, गबन और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज है। तो 2024 में भी पैसा लेकर वापस न करने का मुकदमा दिखाया गया था। वहीं वर्ष 2025 में पुलिस ने उसपर दो बटे तीन गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर का आपराधिक रिकार्ड तैयार किया गया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा नाजिया पर यह कार्रवाई की गई है।

### कार्रवाई करने बड़ी संख्या में पहुंची थी पुलिस फोर्स





करंट क्राइम : सिटी जोन के डीसीपी धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि कवि नगर थाने की गैंगस्टर नाजिया पर मधुबन बापूधाम और नंद ग्राम पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान एसीपी नंदग्राम सर्किल पूनम मिश्रा और थाना नंदग्राम, मधुबन बापूधाम पुलिस कार्रवाई के दौरान भारी संख्सा में मौजूद रही।

# फर्जी दूतावास मामला : आरोपी हर्षवर्धन जैन के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी


## यूपी एसटीएफ ने इंटरपोल के जरिए जारी कराया है नोटिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी एसटीएफ द्वारा कवि नगर से फर्जी दूतावास चलाने के मामले में गिरफ्तार किए गए हर्षवर्धन जैन को लेकर अबतक की जांच के बाद एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं। तो वहीं इस मामले की गंभीरता और पूछताछ के बाद जैन से मिले सबूत के बाद यूपी एसटीएफ ने इंटरपोल के जरिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कराया है। इस ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अब हर्षवर्धन जैन देश के किसी भी एयरपोर्ट से आसानी से फरार नहीं हो पाएगा। इसका नोटिफिकेशन कर दिया गया है। एसटीएफ नोएडा के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार हर्षवर्धन जैन से संबंधित तमाम अन्य जानकारी लगातार टीम जुटाने का काम कर रही है। तो हर्षवर्धन जैन अब तक 200 से ज्यादा देशों की यात्रा कर चुका है। इसके सबूत मिले हैं, इसके साथ ही पकड़े गए सभी डिप्लोमेटिक पासपोर्ट फर्जी निकालने का भी अंदेशा अधिकारियों द्वारा जताया जा रहा है। वहीं जिस तरीके से फर्जी दूतावास कवि नगर जैसे पॉश इलाके में बड़ी कोठी लेकर चलाया जा रहा था। वह इस पूरे भौकाल और रुतबे को कायम करने के लिए हर साल हर्षवर्धन जैन करोड़ों रुपए खर्च किया करता था।

साथ ही उसके पास जिस तरीके से महंगी लग्जरी गाड़ियां, विदेशी यात्राएं और लग्जरी लाइफ स्टाइल रहता था, उसको लेकर जल्द ही इस मामले में ईडी और आयकर विभाग भी अलर्ट मोड पर उससे पूछताछ करेंगे।

करंट क्राइम फॉलोअप





### दुबई में 6, इंगलैंड में 3 तो मॉरीशस और भारत में एक बैंक खाता

करंट क्राइम : यूपी एसटीएफ का दावा है कि हर्षवर्धन जैन के दुबई में 6, मॉरीशस में 1, इंग्लैंड में 3 और भारत में 1 बैंक खाता है। वहीं एहसान अली सैयद हैदराबाद का रहने वाला है, लेकिन उसने अब तुर्किए की नागरिकता ले ली है। चंद्रास्वामी ने हर्षवर्धन जैन को इसी के पास लंदन भेजा था, जहां शेल कंपनी बना कर जैन ने दलाली में पैसे कमाए थे।

### दलाली में 25 मिलियन पाउंड लेने में हुआ था गिरफ्तार

करंट क्राइम : यूपी एसटीएफ ने बताया है कि अली की कंपनी वेस्टर्न एडवाइजरी ग्रुप को 70 मिलियन पाउंड लोन दिलाने के नाम पर 25 मिलियन पाउंड की दलाली ली। ये बात साल 2008 से 2011 की है। उसके बाद जैन वहां से भाग गया, स्विस पुलिस के कहने पर जैन को लंदन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। ये बात 22 नवंबर 2022 की है। इस हर्षवर्धन जैन की गिरफ्तारी होने व उससे पूछताछ के बाद अब यूपी एसटीएफ उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है।

# गाजियाबाद के सपाईयों को होना पड़ेगा संगठित और अनुशासित!

## शनिवार को आरक्षण दिवस कार्यक्रम में फोटो सेशन में आते-जाते रहे नेता




### पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर डबास से लेनी चाहिए समाजवादियों को सीख

करंट क्राइम : शनिवार को आरक्षण दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता जुटे। तो तमाम चेहरों को खोजा जा रहा था लेकिन इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास ने सभी को एक संदेश देने का काम किया है। वो पुराने और बड़ा पद रखने के बावजूद भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने आए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में रहे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन कर ताकत का एहसास कर चुकी है। तो अब उसकी उम्मीद विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बन रही है। समाजवादी पार्टी पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को लेकर बड़े कॉन्सेप्ट पर काम कर रही है। तो लगातार पीडीए पंचायत से लेकर बड़े आयोजन किए जा रहे हैं। शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान के राम भवन में आरक्षण दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं बिजनौर नगीना से विधायक मनोज पारस तो वहीं मुलायम सिंह युद्ध ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा भी शामिल रहे। सपा के दो प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद भी यहां अनुशासनहीनता वाला माहौल और फोटो सेशन का नजारा देखने को मिला है। तो वहीं समाजवादी पार्टी के जिस तरीके से पुराने और वरिष्ठ पूर्व अध्यक्षों से लेकर चुनाव में सपा के टिकट पर लड़ने वाले चेहरे भी कार्यक्रम से नदारत रहे हैं, उसको लेकर भी सवाल उठना लाजिमी है।

वहीं कहा जा रहा है कि सपा में अनुशासन और संगठित होने की आवश्यकता बेहद जरूरी है। वैसे महानगर अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष लगातार मेहनत के साथ आयोजन और पार्टी को संगठित करने का अभियान चला रहे हैं लेकिन जिस तरीके से सोशल मीडिया से लेकर अलग-अलग समय पर जिलाध्यक्ष से लेकर अन्य पदाधिकारियों के बीच खींचतान वाला सीन चलता रहता है, वह भी किसी से छुपा नहीं है।

### सपा के पुराने चेहरों की दूरी बन रही है चर्चा का विषय



करंट क्राइम : शनिवार को समाजवादी पार्टी के महानगर और जिलाध्यक्ष ने बड़ी संख्या में पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया। इस दौरान धर्मवीर डबास नजर आए तो बाबू सिंह आर्य से लेकर मधु चौधरी और रमेश यादव से लेकर कई पार्षद भी दिखे ,पर सवाल उठ रहा है कि समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और कभी पार्टी का सिटी से लेकर देहात तक फेस रहने वाले पूर्व अध्यक्ष नजर नहीं आए। इसमें संजय यादव, राहुल चौधरी, जेपी कश्यप, राशिद अली, साहिबाबाद से चुनाव लड़ने वाले प्रहलाद शर्मा का नाम भी उठ रहा है कि आखिर समाजवादी पार्टी के यह नेता हैं कहां। वही सवाल यह है कि क्या इन्हें कार्यक्रम की जानकारी नहीं थी या इन्हें बुलाया गया था और यह पहुंचे नहीं। इसके साथ ही सपा 2027 में कैसे पाचों विधानसभा सीट जीतेगी। कब उसका गाजियाबाद लोकसभा से लेकर विधानसभा वाला सूखा खत्म होगा।

### जब जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को फोटो सेशन के लिए रोका, तो नाराज हो गए कई युवा नेता



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी जहां पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं। तो युवाओं को भी जोड़ रहे हैं। शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान में आरक्षण दिवस कार्यक्रम में एक सीन ऐसा भी देखने को मिला, जिसमें अनुशासनहीनता भी नजर आई। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन को माइक लेकर फोटो सेशन में लगे नेताओं को पीछे करना पड़ा। तो कई लोगों को उन्होंने फटकार भी लगाई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के दो युवा नेता उनसे नाराज हो गए और बोले जब अतिथियों से मिलवाना नहीं था, फोटो नहीं खिंचवानी थी, तो हमें क्यों बुलाया गया। हालांकि फैसल हुसैन ने उन्हें समझाते हुए बैठा दिया था, ऐसा सीन एक नहीं बल्कि कई बार देखने को मिला।

# निवाड़ी और मुरादनगर में दिखे रहस्यमई ड्रोन डीसीपी ग्रामीण बोले कराई जा रही है जांच

## अधिकारियों को लग रहा है कोई सरकारी अभियान तो नहीं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों मुरादाबाद से लेकर गाजियाबाद तक अलग-अलग ग्रामीण इलाकों में रात के वक्त ड्रोन और रहस्यमई लाइट दिखाने के मामले सुर्खियों में बने हुए हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले थानाक्षेत्र निवाड़ी और मुरादनगर में भी शुक्रवार की रात लोगों ने रात के वक्त आसमान में ड्रोन और रहस्यमई रोशनी दिखाई देने की शिकायत दी है डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि निवाड़ी और मुरादनगर थानाक्षेत्र में इस प्रकार की शिकायत आई हैं। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह ड्रोन कोई साजिश के तहत उड़ा रहा है या यह किसी सरकारी अभियान एवं जांच का हिस्सा हैं। उनका कहना यह भी है कि गाजियाबाद मुरादनगर में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री जैसा महत्वपूर्ण इलाका है। तो हिंडन एयरपोर्ट भी नजदीक है, ऐसे में कहीं यह कोई सरकारी एक्सरसाइज तो नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।



### लोगों में बनी हुई है दहशत, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वीडियो



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के निवाड़ी और मुरादनगर क्षेत्र में जिस तरीके से लोगों ने हवा में ड्रोन उड़ाते देखे, तो रात के समय में रहस्यमयी रोशनी को देखकर भी वह डरे हुए हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। जिस पर लोग अलग-अलग टिप्पणी कर रहे हैं, फिलहाल इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ग्रामीण जोन पुलिस थाने स्तर पर जांच कर रही है। तो वहीं अभी किसी तरीके के अलर्ट और कोई अन्य गतिविधि होने को लेकर अधिकारी किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचे हैं। बता दें कि इन दिनों मुरादाबाद से लेकर उत्तर प्रदेश के पश्चिम के कई शहरों में रात के वक्त ड्रोन आसमान में नजर आने और रहस्यमई लाइट दिखाई जाने के मामले तेजी से सुर्खियां बन रहे हैं। तो इसको लेकर सनसनी भी फैल रही है।

# डीएमआरसी ने फिर दी नोएडा-मोहननगर मेट्रो रूट पर डीपीआर बनाने की पेशकश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा सेक्टर-63 लाइन को गाजियाबाद तक जोडने के लिए डीएमआरसी ने एक बार फिर से रिपोर्ट बनाने की पेशकश की है। डीएमआरसी की ओर से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को लिखे पत्र में कहा गया कि वह एक बार फिर से डीपीआर बनाने को लेकर तैयार है। इस रूट पर डीएमआरसी की ओर से अब तक चार बार डीपीआर बनाई गई हैं। नोएडा रूट को इंदिरापुरम से होकर मोहननगर तक जोड़ने के लिए डीएमआरसी और जीडीए के बीच कई बार बातचीत हुई है। एक बार फिर से डीएमआरसी की ओर से गाजियाबाद में दो रूटों पर मेट्रो विस्तार के लिए डीपीआर बनाने की पेशकश की गई है। दूसरा रूट शहीद स्थल यानि नए बस अडडे से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन तक का है।



हालांकि जीडीए की ओर से अभी तक हामी नहीं भरी गई है। नोएडा सेक्टर 63 से इंदिरापुरम होकर मोहननगर तक की योजना पर 2020 से बात चल रही है। रेड लाइन पर न्यू बस अड्डा से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन तक 3 किमी का मार्ग, जिसमें एक स्टेशन होगा। वहीं, ब्लू लाइन पर साहिबाबाद और नोएडा सेक्टर 63 के बीच 5 स्टेशनों वाला 5.1 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जाने का प्रस्ताव दिया गया था। डीएमआरसी की ओर से इंदिरापुरम मोहननगर के लिए दिए गए प्रस्ताव में कुल पांच स्टेशनों का जिक्र किया गया था। इनमें इंदिरापुरम, शक्ति खंड और वसुंधरा सेक्टर 5 शामिल है।

# रायपुर हुआ पानी-पानी, शहर के कई हिस्सों में जलभराव

## शुक्रवार की पूरी रात हुई बारिश ने शहर की पोल खोल कर रख दी




**रायपुर:** रायपुर नगर निगम सरकार की नजरों का नगर निगम है। जहां से यह बताया जाता है कि राजधानी कैसी है। बताने और दिखाने के लिए नेताओं और अधिकारियों की जुगलबंदी ने शहर की जो फोटो खींची थी उसका पूरा नजारा ही एक रात में बदल गया।

**सड़कों पर आफत का दरिया:** शुक्रवार की पूरी रात हुई बारिश ने शहर की सफाई और नगर निगम की तैयारी की पूरी पोल खोल कर रख दी। शहर का कोई इलाका नहीं है जहां नालियां जाम न हो और पानी सड़क पर न भरा हो। कुशलपुर प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर जोन क्रमांक 6, वार्ड नंबर 36, पचपेढ़ी नाका, वार्ड नंबर 70 और रिंग रोड की सड़कों पर पानी भरा है। कई इलाकें में सड़कें नजर नहीं आ रही हैं ऐसा लगता है जैसे सड़कें नहीं झील हैं।

**मुंबई-हावड़ा नेशनल हाइवे जाम:** शुक्रवार की रात हुई तेज बारिश के बाद शहर की सड़कों पर पानी जमा है। लोगों के आने जाने में परेशानी हो रही है। बात वार्ड क्रमांक 35 की करें तो यहा के घरों में पानी घुस गया है। जो घर पहले के बने के हुए हैं उनके घरों में जल भराव हो गया है। लोग घरों से पानी बाहर निकालने में जुटे हैं। कुशालपुर के पास स्थानीय निवासियों द्वारा कॉलोनी में जल भराव की समस्या को लेकर मुंबई-हावड़ा नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया गया। पानी और जल भराव से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर सरकार के विरोध में नारे लगाए।

# सीएम नीतीश ने दी सौगात : बिहार में पत्रकारों को मिलेगी 15000 रुपये पेंशन

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक और सौगात दी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बाद अब बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना की राशि भी बढ़ा दी है। अब पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत छह हजार की 15 हजार रुपये प्रति माह राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने छह हजार रुपये की जगह 15 हजार रुपये पेंशन की राशि प्रदान करने का विभाग को निर्देश दिया है।



**पत्रकारों के आश्रितों के लिए यह घोषणा :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति या पत्नी को जीवनपर्यन्त प्रतिमाह तीन हजार रुपये की जगह 10 हजार रुपये की पेंशन राशि दिए जाने का निर्देश दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पत्रकारों की सुविधाओं का हमलोग शुरू से ख्याल रख रहे हैं ताकि वह निष्पक्ष होकर अपनी पत्रकारिता कर सकें और सेवानिवृत्ति के उपरांत सम्मानजनक तरीके से अपना जीवन-यापन कर सकें।

**सरकार द्वारा तय किए गए मानदंड :** इस योजना में उन पत्रकारों को आर्थिक सहायता मिलेगी जो राज्य सरकार के द्वारा तय किए गए मानदंड को पूरा करेंगे। आवश्यक मानदंडों अनुसार आवेदक बिहार का निवासी होना चाहिए। साथ ही साथ उसके पास पत्रकारिता में 20 साल का अनुभव होना चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक आईपीआरडी द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए तथा उसके प्रमाण पत्र राज्य सरकार के द्वारा सत्यापित होने चाहिए। इसके अलावा सबसे खास बात यह की आवेदक की सेवा अवधि के दौरान 20 साल निरंतर पीएफ कटा होना चाहिए और संस्थान का अपॉइंटमेंट लेटर, रिलीविंग लेटर और प्रमाण पत्र भी होना चाहिए।

**इनकी भी होगी जरूरत :** आवेदक के पास आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक के खातों का विवरण, बैंक की खाता संख्या, ब्रांच का नाम और आईएफएससी कोड भी होना चाहिए।

दरअसल, इस योजना की शुरूआत तत्कालीन मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने 2014 में की थी। उन्होंने बिहार के पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू करने और पटना समेत राज्य के सभी जिलों में प्रेस क्लब भवन बनाने की घोषणा की थी। हालांकि तब पेंशन के लिए छह हजार रुपए प्रति माह निर्धारित किए गए थे। इसी राशि में सीएम नीतीश कुमार ने करीब दोगुनी से भी ज्यादा की वृद्धि की है। अब इस योजना के तहत अर्हता पूरा करने वाले पत्रकारों को अब पंद्रह हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। वर्तमान में 50 के करीब पत्रकारों को इस योजना का लाभ मिल रहा था।

# केदारघाटी में बादल फटने से तबाही कई घर और गाड़ियां मलबे में दबे

**केदारघाटी के रुमसी गांव में शुक्रवार देर रात बादल फटने से तबाही मची है। रुमसी गांव के कई घर और वाहन मलबे में दब गए हैं। घटना की सूचना प्राप्त होते ही रेसक्यू टीम मौके ले लिए रवाना।**




**रुद्रप्रयाग:** उत्तराखंड के कई इलाकों में लगातार हुई बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं केदारघाटी के रुमसी गांव में शुक्रवार देर रात बादल फटने से तबाही मची है। रुमसी गांव के कई घर और वाहन मलबे में दब गए हैं। घटना की सूचना प्राप्त होते ही रेसक्यू टीम मौके ले लिए रवाना हो गई है। सामने आई तस्वीरों में कई घर, दुकानें, गाड़ी और बाइक मलबे में दबे नजर आ रहे हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण रुद्रप्रयाग में कई मार्ग अवरुद्ध भी हो गए हैं।

दूसरी और गौरीकुण्ड के समीप केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल मार्ग पर पहाड़ी दरकने से पैदल मार्ग बाधित हो गया है। मार्ग को खोले जाने का तेजी से किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने लोगों से मौसम विभाग की चेतावनी पर ध्यान देने और यात्रा से पहले सड़क मार्गों की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है। वहीं, स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं की संख्या में कमी से उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

बता दें कि हाल ही में मौसम विभाग ने उत्तराखंड के देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत एवं उधमसिंह नगर जिलों के कुछ स्थानों पर भारी तथा कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त करते हुए ह्यऑरेंज' अलर्ट जारी किया था। ह्यऑरेंज' अलर्ट के मद्देनजर देहरादून जिले के कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया गया था।

# समाजवादी पार्टी के पीडीए गठबंधन से भाजपा डर गई है : मनोज पारस

## गाजियाबाद में आयोजित किया गया आरक्षण दिवस कार्यक्रम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 26 जुलाई को घंटाघर रामलीला मैदान के राम भवन में आरक्षण दिवस संविधान मान्य स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक नगीना बिजनौर मनोज पारस मौजूद रहे और प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह युद्ध ब्रिगेड अनीश राजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग लिया। तो इस दौरान पूर्व मंत्री एवं नगीना बिजनौर से विधायक मनोज पारस ने कहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यको को लेकर भारतीय जनता पार्टी इन दिनों डरी हुई है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया था, ऐसा ही प्रदर्शन 2027 के विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। श्री पारस ने कहा कि समाजवादी पार्टी जहां पिछड़ों, दलितों और मुसलमानों को एक करने का काम कर रही है। तो भारतीय जनता पार्टी बांटने, हिंदू-मुस्लिम और तनाव को पैदा करने का काम कर रही है। इस दौरान मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा और नगीना बिजनौर से विधायक मनोज पारस के साथ आए अन्य अतिथियों का समाजवादी पार्टी गाजियाबाद महानगर और जिला इकाई के साथ ही यूथ ब्रिगेड ,महिला इकाई और अन्य समाजवादी नेताओं ने जोरदार स्वागत भी किया गया।

### सपा को अखिलेश यादव बना रहे हैं मजबूत : अनीश राजा

करंट क्राइम : मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने गाजियाबाद में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं से लगातार मिलते रहते हैं और उनका जुड़ाव है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से अखिलेश नई सोच और नए जोश के साथ इन दिनों पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं का घेरने का काम कर रहे हैं, उससे समाजवादी पार्टी मजबूत हो रही है।

### अभिषेक गर्ग ने किया पूर्व मंत्री मनोज पारस का स्वागत



करंट क्राइम : कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वैश्य फेस लगातार एक्टिव रहने वाले अभिषेक गर्ग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व मंत्री और विधायक नगीना बिजनौर मनोज पारस और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से भी मुलाकात की।

### कार्यक्रम में जिला और महानगर अध्यक्ष ने जुटाई बड़ी संख्या में भीड़



करंट क्राइम : शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान के राम भवन में आरक्षण दिवस संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में भव्य स्तर पर मनाया गया। जिसमें यूथ ब्रिगेड से लेकर महिला कार्यकर्ता, समाजवादी पार्टी के कई पूर्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों से लेकर अलग-अलग विधानसभा से बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता पहुंचे। बताया जा रहा है इस कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने पूरी मेहनत के साथ पुराने और नए पदाधिकारियों को कार्यक्रम से जोड़ने का काम किया ।

# छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने पर चला बुलडोजर



**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं, छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है।

अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था। चेतावनी के बाद भी सबरोज ने अवैध निर्माण नहीं हटाया। इस पर प्रशासन ने शनिवार को अवैध अतिक्रमण हटा दिया है। डीएम ने कहा कि इसके साथ ही सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।

छांगुर का गिरोह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी जुटा था। देश भर में अपने अवैध कारनामों का जाल बुना था। इसमें तीन हजार से अधिक लोगों को शामिल किया था। छांगुर के कई राज तो सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके देश के संदिग्ध या प्रतिबंधित संस्थाओं से ताल्लुक की छानबीन हो रही है।

छांगुर ने दुबई, सऊदी, तुर्की जैसे देशों में अपनी पहुंच बनाई थी। इससे माना जा रहा है कि उसके सबंध उन संस्थाओं से भी रहे हैं कि जो देश में अशांति फैला रही हैं।

# दस साल पुराने वाहनों पर लगे प्रतिबंध को चुनौती

## दिल्ली सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है जिसमें पुराने वाहनों पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को चुनौती दी गई है। सरकार ने अदालत से अपील की है कि 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए। ये प्रतिबंध नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निदेशों पर आधारित हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्तूबर 2018 को सही ठहराया था।



इस याचिका पर सुनवाई 28 जुलाई

# कारगिल विजय दिवस: लखनऊ के दो भाइयों ने दिखाई थी जांबाजी




**लखनऊ।** कारगिल युद्ध में एक ओर जहां परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय की शौर्य गाथाएं हैं, वहीं दूसरी ओर दो ऐसे भाइयों की जांबाजी के किस्से भी हैं, जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी। शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ है। ऐसे में जांबाजी की छाप छोड़ने वाले भाइयों की चर्चा जरूरी है।

**कर्नल कौशिक ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया :** उन्होंने ने कारगिल युद्ध में अपने पराक्रम का परिचय दिया। कर्नल कौशिक ने अपने हेलीकाप्टर से युद्ध में कुल 3500 ऑपरेशन किए। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, रक्षामंत्री जार्ज फर्नांडीज खुद रणभूमि में पहुंचे थे। कर्नल कौशिक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

**बारुदी सुरंग पर पैर पड़ने से वह घायल हो गए :** इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल के छात्र रहे कर्नल जेके चौरसिया ने भी कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई।

## सावन में आस्था और देशभक्ति का संगम

# लखीमपुर खीरी के सिंगाही से निकली अनोखी कांवड़ यात्रा



**लखीमपुर खीरी।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के अलग-अलग रंग दिखाई दे रहे हैं। शिवभक्ति से सराबोर कांवड़ियों में आस्था के साथ देशभक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। लखीमपुर खीरी के सिंगाही से ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं, जहां 151 फीट लंबे तिरंगे को लेकर अनोखी कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कांवड़िये भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे।

सिंगाही कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा से शनिवार को कस्बे के कांवड़ियों का पांचवां जत्था रवाना हुआ।

मोहल्ले के गौरी बाबा मंदिर पर वैदिक पूजन और मंत्रोच्चारण के बाद सभी कांवड़िये कांवड़ दुर्गा माता मंदिर पहुंचे, जहां पर माथा टेक कर मेन बाजार से होकर बोल बम का जयकारा लगाते हुए गोला गोकर्णनाथ के लिए निकले।

## तलाश गस्ती अज्ञात शव



आप सभी सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24.07.2025 को समय करीब 18.20 बजे मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 45 वर्ष का शव एनटीपीसी से दादरी जाने वाली सड़क पर प्रताप फार्म हाउस के सामने सड़क के किनारे मिला है जिसके संबंध मे थाना जारचा पर रपट नं0-60 पर तस्करा दर्ज है। अभी तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है।

**हुलिया-** आंख, नाक, कान औसत रंग गेहुआ, कद करीब 5 फुट5 इंच

**कपडे-** सफेद सैण्डो बनियान, महरून अण्डरवियर STRONG लिखा है। पास से दो बोरियों मे घरेलू सामान एक छोटा सिलेण्डर मय चूल्हा, एक काला कंबल, एक फूलदार बेडशीट, चकला व खाना बनाने का सामान मिला है । यदि उक्त शव की शिनाख्त के संबंध मे किसी को कोई जानकारी या संबंधित हो तो थाना जारचा कमि० गौतमबुद्धनगर को सुचित करने की कृपा करें।

उ0नि0 राजीव कुमार सिंह
चौकी प्रभारी अल्ट्राटेक
थाना जारचा कमि० गौतमबुद्धनगर
मो0-8595902662

थानाध्यक्ष
थाना जारचा
कमि० गौतमबुद्धनगर
मो0-8595902550

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



● नई दिल्ली। रविवार 27 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट



ये पावन परंपरा है गुरु शिष्य के मिलन की। यह एहसास है शिष्य के लिए गुरु के कुछ खास होने का। योग गुरु रविंद्र कुमार शास्त्री जब अपने गुरु एसपी शर्मा से मिले तो कुछ इस अंदाज में स्नेहिल होकर गुरु ने अपने शिष्य को गले लगा लिया।

# तो क्या पार्षदों के हाथ से छूट गई है हाउस टैक्स वाले मिनट्स की डोर

## नहीं मिली है बुक और बचे हैं केवल दो दिन ही मोर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाउस टैक्स की वृद्धि के बाद से लगातार निगम में भगवा पार्षदों ने मोर्चा खोला हुआ है। पहले पार्षद एकत्र हुए और फिर धीरे धीरे घटनाक्रम आगे बढ़ा। कई चीजें घटित हुईं जिनमें सबसे पहले भाजपा के ही तीन पूर्व सीनियर पार्षदों ने मोर्चा खोला। उन्होंने इस बढ़ोत्तरी को पूरी तरह गलत बताया और यहां तक कह दिया कि जनता माफ नहीं करेगी। इसके बाद भाजपा के मौजूदा पार्षदों ने बैठक की। वो भाजपा के सांसदों और विधायकों के पास गये।

उनसे कहा कि वो भी तो नगर निगम सदन के पदेन सदस्य है और उन्हें भी इस मामले में आगे आना चाहिए। इसी बीच 30 जून को मेयर ने हाउस टैक्स वृद्धि विषय पर ही नगर निगम की विशेष बोर्ड बैठक बुला ली। बैठक में सभी ने कर बढ़ोत्तरी का विरोध किया। इस बैठक में सांसद और विधायक भी पहुंचे। सर्वसम्मति से प्रस्ताव आया और 30 जून की इस बैठक में मेयर ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त करने की घोषणा की। इसी बीच भाजपा के पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की और कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 जुलाई की डेट लगा दी।

30 जून की बैठक के बाद से ही ये सवाल खड़ा हो गया कि अधिकारी इस बैठक के मिनट्स क्यों नहीं दे रहे है। पार्षद फिर एकजुट हुए और उन्होंने निगम अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए उन्हें एक तारीख दी और उस तारीख पर भी मिनट्स बुक नहीं मिली। इसके बाद पार्षदों ने फिर बैठक की और उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए धरने का ऐलान किया। और फिर ये हुआ कि मिनट्स बुक तो पार्षदों को नहीं मिली, लेकिन पार्षद धरने पर बैठ गये।

धरने पर बैठे पार्षदों के बगल से मेयर चुपचाप निकल गई। लेकिन नगर आयुक्त ने अभिवादन प्रणाम का संवाद कायम रखा। सुबह से शाम हुई और धरने पर बैठे पार्षदों को असहजता तब महसूस हुई जब निगम की लाईट कट गई। अगले दिन मिनट्स बुक का आश्वासन मिला और पार्षदों को बताया गया कि 25 जुलाई को मिनट्स मिल जायेंगे। ये भी कहा गया कि हाउस टैक्स बढ़ाकर नहीं लिया जायेगा और छूट भी बढ़ायी जायेगी। ये सब तब हुआ जब इस मामले में एक विधायक ने दखल दिया और तब पार्षद धरने से उठे। हालांकि पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने अलर्ट किया था कि धरने से मत उठो।




लेकिन पार्षद उठ गये। फिर अब ये सवाल उठ गया कि पार्षदों को मिनट्स नहीं मिले। कहीं पारिवारिक ट्रेजेटी का हवाला दिया गया और इसी बीच नगर निगम के बेसमेंट में आग लग गई। अब फिर से लाईट वाला सीन हो गया क्योंकि लाईट नहीं है तो निगम मुख्यालय का काम जोनल से हो रहा है और जाहिर है कि मिनट्स तो निगम मुख्यालय में ही हैं। वहां अधिकारी बैठ नहीं रहे हैं तो ऐसे में मिनट्स बुक कहां से मिलेगी।

पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने पहले ही कहा था कि पार्षद आश्वासन को सच मान रहे हैं। लेकिन मिनट्स नहीं मिलेंगे। वैसा ही हुआ है। अब सीन ये है कि 29 जुलाई के लिए केवल दो दिन शेष बचे है। ऐसे में अब हालात बता रहे हैं कि मिनट्स वाली डोर पार्षदों के हाथ से निकल गई है। क्योंकि 26 जुलाई की शाम तक खबर लिखे जाने तक मिनट्स नहीं मिले थे और 27 जुलाई को पार्षद मिनट्स के लिए जायेंगे। इस बीच क्या होगा। अगर उन्हें 27 को भी मिनट्स नहीं मिले तो 29 को हाईकोर्ट सुनवाई करेगा और निगम अधिकारियों को कोर्ट में मिनट्स पेश करने है। ऐसे में मिनट्स का मामला उलझ गया है। हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी निरस्त होगी या लागू रहेगी ये निगम अधिकारी जानते है और सीन कुछ ऐसा हो गया है कि ये ही रात अंतिम और ये ही रात भारी। कहने वाले यही कह रहे है कि किसी ने पूरे दिमाग से इस गेम को खेला है और गेम ठीक उसी तरीके से कोर्ट में आ गया है जिस तरीके से कोई इसे लाना चाहता है।

## शनिवार को एक दर्जन पार्षद आये निगम और लौटे बैरंग

**करंट क्राइम।** मिनट्स का मामला शनिवार को भी उलझा रहा। शनिवार को लगभग एक दर्जन पार्षद नगर निगम पहुंचे लेकिन यहां उन्हें कोई अधिकारी नहीं मिला और वो बिना मिनट्स बुक के बैरंग ही वापस आ गये। पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को सदन सचिव जंग बहादुर यादव से मिनट्स की कापी मांगी थी।

उन्होंने पार्षदों को कहा था कि सह सदन सचिव संजीव सिन्हा छुट्टी पर हैं। अभी मिनट्स पर उनके हस्ताक्षर होने है। जिसकी वजह से अभी तक मिनट्स की कॉपी महापौर के पास नहीं भेजी गई है। जब कि मौके पर ही पार्षद संतोष राणा ने फोन पर सह सदन सचिव से बात की और उन्होंने बताया कि सुबह निगम से कर्मचारी आया था और मेरे द्वारा मिनट्स पर हस्ताक्षर कर दिये गये है।

पार्षदों ने इस पूरे मामले को नगर आयुक्त के संज्ञान में डाला और नगर आयुक्त ने शाम को मिनट्स के अपडेट बताने के लिए कहा। जब शुक्रवार की शाम पार्षद पहुंचे तो निगम मुख्यालय में आग लग जाने के कारण लाईट नहीं थी और इस कारण निगम का मुख्यालय बंद था। पार्षदों ने नगर आयुक्त को फोन मिलाया। जिस पर नगर आयुक्त ने बताया कि लाईट ना होने की वजह से कंप्यूटर काम नहीं कर रहे है। मैं कोशिश कर रहा हूं। मैं आपको कल तक मिनट्स उपलब्ध करा दूंगा।

इस दौरान पार्षद नीरज गोयल, पार्षद गौरव सौलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद नरेश भाटी, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, संतोष सिंह राणा, ओम प्रकाश सिंह, शशि पवन गौतम, कन्हैया लाल, जाकिर सैफी, धीरज अग्रवाल व सुधीर अग्रवाल मौजूद थे। इस मामले में नया मोड आ गया है। पार्षद नीरज गोयल ने शनिवार को कहा कि अब गुमराह करके मिनट्स नहीं दिये जा रहे है। वहीं गौरव सौलंकी ने कहा कि हमने बैठक बुलाई और ये जंग दो बार जीती है। मिनट्स को लेकर उनका कहना है कि वह तो मिल ही जायेगें और अब मिनट्स बुक को लेकर हमारा प्रदर्शन का कोई इरादा नहीं है। वहीं इस मामले पर सबसे पहले मोर्चा खोलने वाले पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल और पूर्व पार्षद अनिल स्वामी पूरी निगाह रख रहे है।

## निगम बोर्ड बैठक के मिनट्स को लेकर जारी है फाइट

### शनिवार को भी नहीं मिली मिनिट्स वाली फाइल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम में टैक्स बढ़ोत्तरी को खत्म करने को लेकर जिस बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ था, उस बैठक के मिनट्स मिलने को लेकर लगातार फाइट वाला सीन बना हुआ है। कभी पार्षद धरने पर बैठ रहे हैं। तो कभी वह जनप्रतिनिधियों का सहारा ले रहे हैं। कभी वह अपर नगर आयुक्त से रिक्वेस्ट कर रहे हैं, तो कभी नगर आयुक्त के ऑफिस में जाकर मिनिट्स की मांग कर रहे हैं। लंबी भाग दौड़ और खींचातान के बावजूद भी पार्षदों को मिनिट्स उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। शुक्रवार को जहां पार्षदों ने इस मिनट्स की मांग को लेकर कई अधिकारियों के दरवाजे खटखटा आए। तो शनिवार को भी लगभग एक दर्जन के आसपास पार्षद मिनिट्स लेने के लिए नगर निगम पहुंचे थे। पर उनको निराशा ही हाथ लगी। शनिवार को बताया गया कि शुक्रवार आग लगने की वजह से नगर निगम मुख्यालय की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। तो वहीं से सदन सचिव संजीव सिंहा छुट्टी पर हैं। उनके हस्ताक्षर के बिना मिनट्स नहीं मिल सकते हैं।

## पार्षद लगातार उठा रहे हैं मिनट्स की आवाज

**करंट क्राइम :** शनिवार को भी कई पार्षद नगर निगम पहुंचे थे। जिसमें पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि नगर निगम अधिकारी पार्षद दल को गुमराह कर रहे हैं और मिनट्स की कॉपी मुहैया नहीं कर रहे हैं। तो वहीं पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा है कि बढ़े हुए हाउस टैक्स के नोटिस बंद होने से जनता को राहत तो मिली है लेकिन मिनट्स के लिए अभी भी हमें इंतजार करना पड़ रहा है।

शनिवार को मौके पर पार्षद संतोष राणा, नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, नरेश भाटी, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, संतोष सिंह राणा, ओम प्रकाश सिंह, शशि पवन गौतम, कन्हैया लाल, जाकिर सैफी, धीरज अग्रवाल व सुधीर कुमार उपस्थित रहे लेकिन उनको मिनट्स मुहैया नहीं हो पाए हैं।

# लग गई सावन के महीने में भगवा विधानसभा में आग

## मंडल अध्यक्षों को टूर पर ले गये भगवा कमांडर अपने साथ





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में नेता वही सफल होता है जिसके पास अपने समर्थकों का बल होता है। राजनीति में कार्यकर्ता और समर्थक दोनों की अलग अलग परिभाषा है और राजनीति में सफलता की एक अनिवार्य शर्त यह है कि पार्टी के कार्यकर्ता अगर आपके समर्थक भी है तो ये बल दो गुना हो जाता है। कार्यकर्ताओं में भगवा कमांडर के नाम से प्रसिद्ध शहर विधायक संजीव शर्मा की सबसे बडी खूबी ये है कि वो अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार कनैक्ट रहते है। वो कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कायम करते हैं और किसी भी प्रकार के विवाद को तत्काल समाप्त कर देते है। शहर विधानसभा में 5 मंडल आते हैं और यहां पर ये कहा जाता है कि मंडलों वाली सियासत में कार्यकर्ता का लगाव कमांडर के साथ ज्यादा है वो भगवा योद्धा के स्थान पर भगवा कमांडर के साथ ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करते है। ये बातें इत्तेफाक नहीं है और ये हो रहा है और इसकी नजीर की तस्वीर भी सामने आ गई है। बताया तो ये भी जाता है कि सावन के महीने में भगवा आग लगी है। जिन मंडल अध्यक्षों के दर्शन भगवा कार्यालय पर कम होते हैं, जिन मंडल अध्यक्षों को अध्यक्ष के साथ कम देखा जाता है वो मंडल अध्यक्ष भगवा कमांडर के साथ हाल ही में उत्तराखंड के टूर पर गये है। तीन दिन का ये टूर पूरी तरह धार्मिक रहा है और खास बात ये है कि तीन दिन के इस धार्मिक टूर की कमांड भी भगवा कमांडर ने संभाली है। वो मंदिरों से लगातार शहर वालों से संवाद कायम कर रहे हैं उन्हें मंदिरों की धार्मिक महत्ता बता रहे है। तीन दिन का ये टूर 26 जुलाई की शाम को पूरा हो गया और सब लोग वापस आ गये। लेकिन इस टूर ने एक भगवा आग लगा दी है।





बताया जाता है कि इस टूर में एक मंडल अध्यक्ष अपने किसी पारिवारिक वजह से नहीं जा पाये और चार मंडलों के अध्यक्ष इसमें साथ गये है। इनमें प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धमेन्द्र सिंह और विजय नगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा साथ रहे है। मंडल अध्यक्षों के अलावा दो दर्जन के करीब अन्य भगवा समर्थक भी भगवा टूर पर साथ रहे है। बताया जाता है कि इस टूर में बद्रीनाथ वाली कथा के कई चेहरे मौजूद रहे है। भगवा कमांडर के साथ मंडल अध्यक्ष जिम कार्बेट पहुंचे, नीम करोली धाम पहुंचे। जागेश्वर धाम गये और गोलू देवता के मंदिर के साथ मुक्तेश्वर धाम गये। ये टूर पूरी तरह धार्मिक रहा है और धर्म

### इस टूर को क्या नाम दें

**करंट क्राइम।** भगवा कमांडर राजनीति के बडे खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। उन्होंने जो मौके मिले उसमें जबरदस्त सफलता के चौके लगाये है। उन्हें महानगर अध्यक्षी मिली तो उन्होंने खुदको अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं का अध्यक्ष कहलवा लिया। पीएम से लेकर सीएम तक के बड़े कार्यक्रम सफलतापूर्वक अपनी कप्तानी में आयोजित कराये और अब जब वो शहर विधायक हैं तो एक बार फिर वो जनता के बीच जतना के कार्यकर्ताओं के बीच विधायक के रूप में टीआरपी हासिल कर रहे है। अब जब वो 3 दिन के धार्मिक टूर पर गये हैं तो फ्लावर वाले खेमें में फायर है और इस टूर के सियासी मायने तलाशे जा रहे है। किसी का कहना है कि वो सबको साथ लेकर चलते है और एक खेमा इस टूर को 2027 की चुनावी की तैयारी से जोड कर चल रहा है। उनका मानना है कि संजीव शर्मा एक नेता के रूप में एक बड़ा काफिला लेकर चलने की काबलियत रखते है और बड़े दिल से राजनीति करते हैं और दुश्मन को दोस्त बनाने की कला जानते है। वो अनावश्यक विवाद को मुस्कुराकर टालने की कला जानते है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि जब 2027 की चुनावी बेला आयेगी तो शहर विधानसभा के इन्हीं मंडलों से एक फौज उठेगी जो संजीव शर्मा के पक्ष में माहौल बनायेगी। यहां से कार्यकर्ताओं की एक पूरी टीम संजीव शर्मा के पक्ष में आकर खड़ी होगी। बद्रीनाथ की भागवत कथा को भी लोग इसी चश्मे से देखते हैं। उनका कहना है कि कार्यकर्ता और समर्थक दोनों ही अलग अलग टीमों में यहां सजीव शर्मा के साथ आयेगे और राजनीति का ये तैयार होता माहौल किसी के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि संजीव शर्मा धीरे धीरे एक काफिला तैयार कर रहे है और बड़े स्तर पर ये काफिला तैयार भी हो गया है।

# नगर आयुक्त द्वारा जल्द बिजली वायरिंग ठीक कराने का दिया गया निर्देश

## नगर निगम मुख्यालय पर लगी आग की जांच के लिए बनाई गई कमेटी, पांच दिन में आएगी रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में शाम के वक्त आग लग गई थी। जिससे सदन कक्ष और पहली मंजिल की स्टील अथॉरिटी तक आग लगने से बिजली के पैनल और वायरिंग खराब हो गई थी। तो वहीं सदन के मीटिंग हॉल की 11 कुर्सियां, वॉल पेपर और एक एयर कंडीशन भी इस अग्नि हादसे में जल गया था। इस मामले को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम बिल्डिंग मुख्यालय में लगी आग के लिए जांच कमेटी बनाई है।

इस जांच को कमेटी सिर्फ 5 दिनों के भीतर पूरा कर, जांच रिपोर्ट को प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट में विस्तृत जिक्र रहेगा कि आग कैसे लगी, आग लगने के पीछे क्या प्रमुख कारण था। वहीं आग लगने की वजह से बिजली की वायरिंग खराब हो गई थी, उसे भी दुरुस्त करने के निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा दिए गए है।

तो वहीं शनिवार को काफी हद तक बिजली की आपूर्ति बाधित होने की वजह से नगर निगम का काम प्रभावित रहा। जिसे सोमवार से रूटीन में लाने का निर्देश दिया गया है।



### कमेटी में अपर नगर आयुक्त से लेकर फायर स्टेशन प्रभारी रहेंगे शामिल

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त द्वारा जो जांच कमेटी बनाई गई है, जांच कमेटी को 5 दिन के भीतर इस मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार करनी है। इस टीम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, कामाख्या प्रसाद आनंद महाप्रबंधक जल, शेषनाथ यादव फायर स्टेशन ऑफीसर घंटाघर कोतवाली, सुनील कुमार सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड-03 पटेल नगर और आश कुमार अधिशासी अभियंता प्रकाश को शामिल किया गया है। इस मामले की पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर 5 दिन के भीतर प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया गया है।





### आग से लाखों रुपए का हुआ था निगम मुख्यालय में नुकसान

**करंट क्राइम :** अग्निशमन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिस तरीके से नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग में शॉर्ट सर्किट के बाद बेसमेंट और प्रथम तल में आग लगी थी। उससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। तो वहीं बड़ी संख्या में कुर्सी, एसी और अन्य संपत्ति जलकर राख हुई है। जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं शुरूआती जांच इशारा कर रही है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट रहा था।

## संपादकीय

# मील का पत्थर है व्यापार समझौता

भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता एक उदाहरण, एक नमूना बन सकता है, क्योंकि भारत अमरीका और यूरोपीय संघ के साथ भी ऐसे ही समझौतों पर बात कर रहा है। आज भारत विश्व की चौथी और ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता आपसी कारोबार, उद्योग, उत्पादन, निवेश और रोजगार के क्षेत्रों में मील पत्थर साबित हो सकता है। भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय आधार पर बाजार खुलेंगे, लिहाजा उनके उत्पादों को एक बड़ा बाजार हासिल होगा। दोनों देशों के बीच फिलहाल करीब 56 अरब डॉलर का व्यापार होता है, जिसे 2030 तक 120 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। समझौते के तहत अधिकतर भारतीय उत्पादों के निर्यात को शुल्क–शून्य रखा गया है। ब्रिटेन की मशहूर स्कॉच व्हिस्की पर भारत में 150 फीसदी आयात शुल्क को घटा कर 75 फीसदी किया गया है। अगले 10 साल में इसे 40 फीसदी तक लाया जाएगा। भारत के कृषि–क्षेत्र में बासमती, अंगूर, मसाले, अल्फांसो, मछली आदि उत्पादों का निर्यात 7000 करोड़ रुपए से बढकर तीन साल में दोगुना हो जाएगा। वस्त्र पर 12 फीसदी शुल्क था, जो अब शून्य कर दिया गया है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कंबोडिया के वस्त्र उत्पादों पर पहले से ही शून्य शुल्क है। रत्न–आभूषण पर शुल्क 4 फीसदी था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। अब 8100 करोड़ रुपए का व्यापार 5 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत अभी 8600 करोड़ रुपए के फार्मा उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात करता है, लेकिन अगले तीन साल में तेजी आने की पूरी संभावनाएं हैं। भारत की 36 सेवा–क्षेत्रों में पहुंच बहुत आसान हो जाएगी। 400 भारतीय डॉक्टरों को भी प्रवेश मिल सकेगा। करीब 1800 भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीत से जुड़े प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में सेवा देने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समझौते से भारत के युवाओं, पेशेवरों, किसानों, महिलाओं और उद्योगों को बहुत लाभ होगा। खासकर निर्यातकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हमारे समुद्री उत्पाद, विद्युत मशीनरी, फर्नीचर, खेल सामग्री, वाद्य यंत्र और घडिां, चमड़ा/जूते, प्रसंस्कृत खाद्य, परिवहन और ऑटो, लकड़ी और कागज, फल, तिलहन, सब्जियां, अनाज, तेल, चाय, कॉफी आदि पर अब शुल्क शून्य होगा। इससे एमएसएमई उद्योगों द्वारा बनाए गए उत्पादों की ब्रिटेन के बाजारों तक आसान पहुंच संभव होगी। हालांकि डेयरी क्षेत्र में दूध, घी, मक्खन, पनीर आदि को रियायतों से बाहर रखा गया है। अनाज में गेहूं, चावल, मक्का, मोटा अनाज मसलन–ज्वार, बाजरा, रागी आदि को भी कोई रियायत नहीं दी गई है। फलों में सेब, अनानास, संतरे, अनार जैसे उत्पाद बाहरी सूची में रखे गए हैं। बहरहाल तीन साल की मशक्कत, आपसी संवाद, कारोबार की स्थितियों पर लंबे विमर्श के बाद यह समझौता संभव हो पाया है। किसी भी विकसित देश के साथ भारत का यह पहला ह्यमुक्त व्यापार समझौताह्न है। अमरीका के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। आम धारणा है कि भारत विदेशी वस्तुओं के आयात पर अधिक शुल्क वसूलता है। भारत की औसत शुल्क दर 17–19 फीसदी है। हालांकि कृषि उत्पादों पर 39 फीसदी तक शुल्क रहा है।

# विनिर्माण में 17.5 साल की रफ्तार, पीएमआई 59.2 पर महंगाई-रोजगार की चुनौती बनी चिंता का विषय



**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल की ओर से जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई जून में 58.4 पर था। दरअसल, यह उछाल, मजबूत घरेलू और वैश्विक मांग के कारण विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि का संकेत देता है।

विनिर्माण और सेवा दोनों का पीएमआई 60.7 पर पहुंच गया, जो एक साल से भी अधिक समय में सबसे तेज उछाल है। यह मांग में तेजी, तकनीकी निवेश और विस्तारित क्षमताओं के कारण संभव हुआ है। रोजगार में विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में, मजबूत वृद्धि हुई है। यह दशार्ता है कि भारत के विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ स्वस्थ रोजगार सृजन भी हो रहा है।

### अगले 12 महीनें में उत्पादन वृद्धि में आशावादी

भारतीय कंपनियां अगले 12 महीने में उत्पादन वृद्धि के बारे में आशावादी बनी रहीं। कंपनियों का कहना है कि बढ़ती मांग, प्रौद्योगिकी में निवेश और विस्तारित क्षमताओं के कारण वृद्धि हो रही है। पीएमआई आंकड़ों से पता चला है कि भारत में वस्तु उत्पादकों ने सेवा प्रदाताओं की तुलना में उत्पादन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है। इनकी वृद्धि की गति अप्रैल, 2024 के बाद से सबसे मजबूत हो गई है।

### सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में मामूली नरमी

जुलाई के दौरान सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में थोड़ी नरमी देखी गई। हालांकि ऐतिहासिक मानकों के अनुसार वृद्धि दर तेज रही। निजी क्षेत्र के परिचालन में सुधार जारी रहा। कुल बिक्री, निर्यात ऑर्डर और उत्पादन स्तर में तेज वृद्धि दिखाई दी। हालांकि कारोबारी विश्वास सकारात्मक बना रहा, लेकिन कुछ प्रतिस्पर्धा और महंगाई के दबाव को लेकर चिंतित होने के कारण यह लगभग ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया। रोजगार सृजन की दर 15 महीनों में सबसे कम रही।

## बैंक जमा दोगुना बढ़कर हुआ 3.79 लाख करोड़

# डिजिटल लेन-देन के बाद भी देश में नकदी की कमी नहीं

**नई दिल्ली।** आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ बैंक ही नहीं, लोगों के पास भी भरपूर नकदी है। जनता के पास मौजूद 31,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 91,000 करोड़ रुपये की नकदी हो गई है। यह वृद्धि नीतिगत उपायों के प्रभाव के कारण हुई है। केंद्रीय बैंक ने नकदी को आसान बनाने के लिए उपाय किए थे। डिजिटल चलन में तेजी के बावजूद देश के पास लबालब नकदी है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के मुताबिक, कर्ज देने और वास्तविक दोनों अर्थव्यवस्था में यह नकदी है। बैंकों के चालू और बचत खातों में जमा राशि जून के अंत तक दोगुनी से ज्यादा बढ़कर 3.79 लाख करोड़ रुपये हो गई।

आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ बैंक ही नहीं, लोगों के पास भी भरपूर नकदी है। जनता के पास मौजूद 31,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 91,000 करोड़ रुपये की नकदी हो गई है। यह वृद्धि नीतिगत उपायों के प्रभाव के कारण हुई है। केंद्रीय बैंक ने नकदी को आसान बनाने के लिए उपाय किए थे। ग्रामीण गतिविधियों में तेजी मुख्य रूप से नकदी पर आधारित है। साथ ही कर में रियायत भी इस नकदी का एक प्रमुख कारण है। नकदी की यह बहार ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बढ़ती गतिविधियों से ज्यादा जुड़ी है। यह ग्रामीण खपत में वृद्धि के साथ मेल खाती है।



### कई कारकों से नकदी में हो रही है वृद्धि

नकदी की इस वृद्धि को कई कारकों से बल मिला है। इनमें बेहतर कृषि उत्पादन, मनरेगा जैसी रोजगार योजनाओं से मिलने वाली उच्च मजदूरी और जन धन खातों में सीधे दी जाने वाली सरकारी सब्सिडी शामिल हैं।

# 2024 में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़े प्याज-आलू के दाम, बढ़ेगी आर्थिक असमानता

**नई दिल्ली।** एक अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन में खुलासा हुआ है कि जलवायु परिवर्तन से फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं ग्लोबल वार्मिंग के चलते 18 देशों में जलवायु से जुड़े 16 खाद्य उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। अध्ययन में कहा गया है कि कीमतों में ऐसे उतार-चढ़ाव से आर्थिक असमानता बढ़ेगी। जलवायु परिवर्तन और भीषण गर्मी के कारण भारत में बीते साल खाद्य कीमतों में बेतहाशा उछाल देखा गया। खास तौर पर प्याज और आलू की कीमतों में 2024 की दूसरी तिमाही में 80 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया। यह खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में हुआ है, जिसका नेतृत्व बार्सिलोना सुपरकंप्यूटिंग सेंटर के मैक्सिमिलियन कोट्ज ने किया हैं। अध्ययन में यूरोपीय सेंट्रल बैंक, पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च और यूके के फूड फाउंडेशन के विशेषज्ञ भी शामिल थे। इसमें 2022 से 2024 के बीच 18 देशों में जलवायु से जुड़ी 16 खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर असर का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि इनमें से कई घटनाएं 2020 से पहले के सभी ऐतिहासिक उदाहरणों से कहीं ज्यादा थीं और ग्लोबल वार्मिंग से काफी प्रभावित थीं।



### दाम बढ़ने से कम आय वाले परिवार प्रभावित

कोट्ज ने कहा, खाने–पीने की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का खाद्य सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है। खासकर कम आय वाले परिवारों पर। खाद्य पदार्थों की कीमतें जब बढ़ती हैं, तो कम आय वाले परिवारों को अक्सर कम पौष्टिक और सस्ती खाद्य वस्तुओं का सहारा लेना पड़ता है। इस तरह के आहार कैंसर, मधुमेह और हृदय रोग जैसी कई स्वास्थ्य स्थितियों से जुड़े हुए हैं।

### उच्च महंगाई से चुनाव नतीजों पर भी असर

शोधकताओं ने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें मुख्य महंगाई को भी बढ़ा सकती हैं। इससे केंद्रीय बैंकों के लिए मूल्य स्थिरता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। खासकर विकासशील देशों में जहां घरेलू बजट में खाद्य उत्पादों का बड़ा हिस्सा होता है। यही नहीं, उच्च महंगाई चुनाव परिणामों को सीधे प्रभावित कर सकती हैं। लोकलुभावन दलों के लिए समर्थन बढ़ा सकती हैं।

### चेतावनी : नहीं सुधरे तो और खराब होंगे हालात

शोधकताओं ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए तत्काल उपाय करने का आह्वान किया। कोट्ज ने कहा, जब तक हम शुद्ध–शून्य उत्सर्जन तक नहीं पहुंच जाते, तब तक चरम मौसम और भी बदतर होता जाएगा। यह पहले से ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है और दुनियाभर में खाद्य कीमतों को बढ़ा रहा है।

# देश के धनवान और ज्यादा हो रहे अमीर, एक फीसदी के पास 11.6 लाख करोड़ डॉलर की संपत्ति



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे धनी परिवार और भी अधिक अमीर होने वाले हैं। इससे धन प्रबंधकों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है। इन अमीरों की तरल संपत्तियों में बैंक जमा और गैर-प्रवर्तकों के इक्विटी शेयर शामिल हैं। देश के अमीर और ज्यादा धनवान होते जा रहे हैं। शीर्ष एक प्रतिशत अति अमीर परिवारों के पास लगभग 11.6 लाख करोड़ डॉलर की कुल संपत्ति है। इसमें से लगभग 2.7 लाख करोड़ डॉलर तरल वित्तीय संपत्तियों में हैं। इनकी बढ़ती वित्तीय परिसंपत्तियां धन प्रबंधन फर्मों के लिए बड़े अवसर पैदा कर रही हैं।

### क्या कहती है बर्नस्टीन की रिपोर्ट

बर्नस्टीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सबसे धनी परिवार और भी अधिक अमीर होने वाले हैं। इससे धन प्रबंधकों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है। इन अमीरों की तरल संपत्तियों में बैंक जमा और गैर-प्रवर्तकों के इक्विटी शेयर शामिल हैं। भारतीय परिवार धीरे-धीरे अपनी बढ़ती बचत और धन का ज्यादा हिस्सा वित्तीय संपत्तियों में स्थानांतरित कर रहे हैं।

### पूंजी बाजारों में तेजी दे रही इसमें योगदान

भारत के पूंजी बाजारों में तेजी भी इस प्रवृत्ति में योगदान दे रही है। अति धनवान लोग आईपीओ और ब्लॉक डील के जरिये प्रमोटर होल्डिंग्स को तरल वित्तीय संपत्ति में बदल रहे हैं। ये लोग पूंजी बाजार में तेजी का फायदा उठा रहे हैं। साथ ही, स्टार्टअप इकोसिस्टम से धनी व्यक्तियों का एक नया वर्ग उभर रहा है। इसमें संस्थापक और शुरूआती कर्मचारी शामिल है। इनसे उच्च मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) की संख्या और तेजी से बढ़ रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1986 में, कैमरून, अफ्रीका में एक ज्वालामुखीय झील ने $CO_2$ गैस का बादल छोड़ा जिसने मिनटों में 1,746 लोगों को मौत के घाट उतर दिया था।
- समुद्र तल पर और यहां तक कि आइसलैंड में पाए जाने वाले आइसकैप्स के नीचे ज्वालामुखी भी पाए जाते हैं।
- सिसिली (इटली) में माउंट एटना यूरोप का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी 3,329 मीटर ऊंचा है।
- ज्वालामुखी के तीन प्रकार स्ट्रेटो, शील्ड (सबसे बड़े ज्वालामुखी) और डोम। ज्वालामुखीय विस्फोट का 80% पानी के नीचे होता है।
- ज्वालामुखी से निकला लावा 2,000 डिग्री फारेनहाइट तापमान तक पहुंच सकता है।
- जापान में माउंट मिहारा में एक ज्वालामुखी के चारों ओर एक बाड़ का निर्माण किया ताकि लोगों इसमें कूदकर आत्महत्या न करें।
- हमारे सौर मंडल में सबसे ज्वालामुखीय गतिविधि वाला ऑब्जेक्ट आईओ, बृहस्पति के चंद्रमाओं में से एक है। ज्वालामुखी में आच्छादित, इसकी सतह लगातार ज्वालामुखीय गतिविधि की बड़ी मात्रा में बदल रही है।

## राशिफल

**मेष:** आज आप अपना काम बहुत ही संजीदगी से करेंगे। आपकी पेशेवर योग्यता का विकास होगा। नए उद्यम में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष:** आज आप अपना काम बहुत सोच–समझकर करेंगे। आपकी पेशेवर योग्यता का विकास होगा। नए उद्यम में आपको सफलता मिलेगी। मित्रों का भी सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज लेन–देन के मामले को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा। आपको जोखिम भरे फैसले लेने से बचना चाहिए।

**कर्क:** आपके धन में वृद्धि होगी और स्थिति में सुधार होगा। आप सभी प्रकार के भौतिक सुखों का आनंद लेंगे और नए अधिग्रहण हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपको कोई भी काम करते समय अपने मन को शांत रखना चाहिए। जल्दबाजी में किए गए काम से आप परेशान हो सकते हैं। पैसों से जुड़े फैसले सोच लें।

**कन्या:** बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धर्म की ओर आकर्षित होंगे। अचानक बड़े लाभ से आप खुश दिख सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशियां आपकी बनी रह सकती हैं।

**तुला:** नौकरी और व्यापार के लिए समय अच्छा है। आपको अपनी उपलब्धियों का उचित इनाम मिल सकता है। वृद्धि और सुधार के प्रबल संकेत हैं।

**वृश्चिक:** आज आपके सोचे हुए काम अचानक पूरे होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

**धनु:** अपने पार्टनर के लिए कुछ खास प्लान करेंगे। नौकरी बदलने का यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर:** भाग्य आपके पक्ष में है, लेकिन वाहन चलाते समय सावधान रहें। हो सके तो रात के समय वाहन न चलाएं। आप कई चीजों पर पैसा बर्बाद कर सकते हैं, ध्यान दें।

**कुंभ:** आज आप अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करेंगे। लेकिन पैसों की चिंता आपको थोड़ी परेशान कर सकती है। आपके कुछ काम देर से पूरे होंगे।

**मीन:** आज उत्साहित होकर किसी से कोई वादा न करें। कोई करीबी आपकी मदद के लिए आगे आएगा। जीवनसाथी के साथ आरामदायक दिन बीतेगा।

## चुटकुले

सोनू बहुत दुखी था...!
किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...?
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए
2 लाख रुपये उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...!

दादी को गीता पढ़ते देख पोते ने अपनी मां से पूछा...!
मां दादी कौन सी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं...?
मां - बेटा ये फाइनल ईयर की तैयारी कर रही हैं...!

पप्पू अपनी बीमार दादी को मोहल्ले के डॉक्टर के पास दिखाने ले गया...!
डॉक्टर - मुंह खोलो दादी...!
दादी - तुम्हारी बीवी रोज शाम को तुम्हारे पड़ोसी से मिलती है।
बस इससे ज्यादा मेरा मुंह मत खुलवाना...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मैनचेस्टर में इंग्लैंड ने तोड़ा 61 साल पुराना रिकॉर्ड 11 साल बाद भारत के खिलाफ बने 600+ रन





**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 669 रन पर समाप्त हुई। भारत ने पहली पारी में 358 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लिश टीम को 311 रन की बढ़त हासिल हुई। भारत के खिलाफ किसी टीम ने 2014 के बाद पहली बार टेस्ट की एक पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए हैं। इससे पहले 2014 में वेलिंग्टन में न्यूजीलैंड ने ऐसा किया था। तब ब्रेंडन मैकुलम ने 302 रन की पारी खेली थी। यह भारत के खिलाफ इंग्लैंड का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 2011 में एजबेस्टन में इंग्लिश टीम ने सात विकेट गंवाकर 710 रन बनाए थे और पारी घोषित की थी। तब एलिस्टेयर कुक ने 294 रन बनाए थे।

### इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा

इंग्लैंड ने 669 रन बनाने के साथ ही कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। यह मैनचेस्टर में एक पारी में इंग्लैंड का सर्वोच्च स्कोर है। इसके लिए उन्होंने 91 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले उन्होंने 1934 में यहां 627 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में टेस्ट में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। इस मामले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में आठ विकेट पर 656 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का 61 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ सातवीं बार, किसी टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए 350 से ज्यादा रन देने के बाद पहली पारी में 300 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की है। यह इंग्लैंड के लिए पहली बार है। टेस्ट की पहली पारी में 350 से ज्यादा रन देने के बाद उनकी पिछली सबसे बड़ी बढ़त पिछले साल मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ 267 रन की थी (556 रनों के जवाब में 823/7 विकेट)। वहीं, बुमराह ने इस टेस्ट की पहली पारी में दो विकेट लिए। उन्होंने ईशांत शर्मा की बराबरी कर ली और इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। दोनों के इंग्लिश सरजमीं पर 51-51 विकेट हैं।

### बुमराह ने पहली बार 100+ रन खर्च किए

इस पारी में चार भारतीय गेंदबाजों ने 100 से ज्यादा रन दिए। टेस्ट मैचों में भारत के लिए ऐसा 25वीं बार हुआ है। इससे पहले ऐसा एक दशक से भी ज्यादा समय पहले हुआ था। 2014/15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में लगातार तीन टेस्ट मैचों में भारत के चार गेंदबाजों ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए थे। बुमराह ने मैनचेस्टर टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान 100 से ज्यादा रन दिए। पहली बार टेस्ट में बुमराह ने एक पारी में 100+ रन खर्च किए।

# स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में आम आदमी पार्टी आज से शुरू करेगी जनांदोलन

## गाजियाबाद में किया जाएगा 30 स्कूलों को मर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 500 के करीब स्कूलों को दूसरे स्कूलों के साथ मर्ज करने के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी रविवार से जन आंदोलन शुरू करेगी। आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का फैसला किया है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी प्रदेश में ढपोर शंखों को जगाओ और स्कूलों को बचाओ अभियान चलाएगी। यह अभियान 27 जुलाई यानी रविवार को सभी जिलों के बंद किए गए स्कूलों के बाहर चलाया जाएगा। स्कूल बचाओ अभियान के तहत 2 अगस्त को प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित ईको गार्डन में एक विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के सभी पार्टी के नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### इस जन आंदोलन का नेतृत्व राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे

करंट क्राइम। यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार षड्यंत्र के तहत बच्चों को स्कूली शिक्षा से विमुख करना चाहती है। इस जन आंदोलन का नेतृत्व राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में 30 स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में गरीब मजदूर किसान एवं मध्यम वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं अगर स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा तो लाखों बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। इस लड़ाई में पार्टी उन सभी बच्चों एवं विभागों को साथ खड़ी है जिन्हें स्कूली शिक्षा से वंचित किया जाएगा।


# तन्वी और वेन्नाला का जलवा, बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते




**नई दिल्ली।** उभरती शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने शनिवार को इंडोनेशिया के सोलो में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते। वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन इसके बाद वह गलती कर बैठी जिसका फायदा उठाकर लियू ने सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

एक अन्य मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा को चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से 35 मिनट में 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। यिन ने हालांकि वापसी करते हुए स्कोर 8-8 से बराबर किया और फिर बढ़त बनाते हुए जीत हासिल कर ली। तन्वी के लिए यह एक और प्रभावशाली प्रदर्शन था। वह पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट में उपविजेता रही थीं।

# एम्मा रादुकानू और लेयला फर्नांडीज डीसी ओपन के सेमीफाइनल में, सकारी और टेलर बाहर





वाशिंगटन। एम्मा रादुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूनार्मेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

रादुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराया। महिला वर्ग में 2021 के अमेरिकी ओपन की उप विजेता लेयला फर्नांडीज ने भी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फर्नांडीज का अगला मुकाबला 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना से होगा जिन्होंने मैग्डानेला फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया। मैग्डानेला फ्रेच ने इससे पहले गुरुवार को वीनस विलियम्स को हराया था। पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन लगातार दूसरे साल डीसी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 7-6(2) 6-4 से हराया।

एलेक्स डी मिनौर और कोरेंटिन मौटेट भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका आमना सामना होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से और मौटेट ने 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया।

# बिजली के जर्जर तारों की वजह से खोड़ा कॉलोनी में संविदा कर्मी की मौत

## लोगों ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कॉलोनी में शुक्रवार को लाइन पर काम करते समय बिजली विभाग के एक संविदा कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। इस मामले में अब खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर खोड़ा कॉलोनी के जर्जर तारों को बदलने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि खोड़ा कॉलोनी में 30 साल पहले तार लगाए गए थे इन 30 सालों में तारों को बदला नहीं गया सारे तार जर्जर हो गए हैं कई तार भवनों को छूते हुए निकल रहे हैं जिस कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। विद्युत विभाग को लिखित रूप में सूचित करने के बाद भी जर्जर तारों को और खुले में रखे ट्रांसफार्मर को कर नहीं किया गया। शुक्रवार की घटना ने खोड़ा कॉलोनी की जनता के मन में एक बार फिर से भय व्याप्त कर दिया है। जनप्रतिनिधियों से भी गुजारिश की जा चुकी है लेकिन वह भी खोड़ा कॉलोनी की समस्याओं के समाधान की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से गुजारिश की गई है कि वह खोड़ा कॉलोनी के जर्जर तारों को बदलने के लिए विभाग को निर्देश दे।

# डिविलियर्स के नहीं खेलने पर फुस्स हुई द. अफ्रीका की टीम, पाकिस्तान 31 रन से जीता





**दक्षिण अफ्रिका।** विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम का सामना पाकिस्तान चैंपियंस से हुआ। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम नियमित कप्तान एबी डिविलियर्स के बिना उतरी थी। एरॉन फांगिसो कप्तानी कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान टीम की कमान मोहम्मद हफीज संभाल रहे थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 198 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।

इस हार के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। उसके चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके तीन मैचों में दो जीत और एक बेनतीजा के साथ पांच अंक हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आज युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम का मुकाबला ब्रेट ली की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस टीम से है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम के लिए सबसे ज्यादा उमर अमीन ने बनाए। उन्होंने 42 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। वहीं, शोएब मलिक ने 34 गेंद में पांच चौकों की मदद से 46 रन की नाबाद पारी खेली। शरजील खान 11 गेंद में 19 रन, कामरान अकमल 11 गेंद में 17 रन और कप्तान हफीज आठ रन बनाकर आउट हुए। आसिफ अली 11 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। आमिर यमीन चार गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेन ओलिवियर ने दो विकेट लिए, जबकि विलजोएन, पार्नेल और डुमिनी को एक-एक विकेट मिला।

### द. अफ्रीका की पारी

199 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सबसे ज्यादा रन मोर्ने वान विक ने बनाए। उन्होंने 20 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, पार्नेल नौ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई बल्लेबाज 15+ रन नहीं बना सका। टीम को डिविलियर्स की कमी बेहद खली। हाशिम अमला 12 रन, जेजे स्मट्स 10 रन, हेनरी डेविड्स छह रन और सारेल इरवी 12 रन बनाकर आउट हुए। जेपी डुमिनी 11 रन और जैक रुडोल्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान फांगिसो 13 और क्रिस मॉरिस 10 रन बनाकर आउट हुए। विक के साथ विलजोएन सात रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से सोहेल तनवीर और हफीज को दो-दो विकेट मिले। इसके अलावा रुम्मन रईस, इमाद वसीम, सोहेल खान, शोएब मलिक और वहाब रियाज को एक-एक विकेट मिला।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया पार्क के विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 की गली संख्या 8 स्थित पार्क के विकास कार्य का उद्घाटन पार्षद धीरज अग्रवाल के करकमलों द्वारा किया गया। यह पार्क न केवल क्षेत्रवासियों के लिए एक राहत स्थल बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक जुड़ाव का प्रतीक भी होगा। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि हर नागरिक को मिले एक सुंदर, सुरक्षित और सुसज्जित पार्क यही है हमारा संकल्प इसी पार्क में नया सबमर्सिबल के साथ बच्चों के लिए आकर्षक झूले व आरामदायक बेंचें भी लगाई जा रही है। इस अवसर पर मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना, रमेश चंद्र रस्तोगी, दिनेश कुमार गुप्ता, सतेन्द्र सिंह नेगी, संजय शर्मा, सुरजभान, विनोद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी ने पांच गोल दागकर वीपीएस को दिलाई जीत, दूसरे राउंड में पहुंचाया





**नई दिल्ली।** सीबीएसई ईस्ट जोन हैंडबॉल बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिता शुक्रवार शाम केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल में शुरू हुई। जोनल प्रतियोगिता में वीपीएस की राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सेजल ने 5 गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। साथ ही दूसरे चक्र में प्रवेश भी दिलाया।

अंडर-17 बालिका वर्ग में वीपीएस की टीम ने सनबीम स्कूल बलिया को 6-4 से हराया। इससे पहले कानपुर की आर्मी पब्लिक स्कूल और पटना की सेंट कैरेंस हाईस्कूल के बीच मैच हुआ। मुकाबले में सेंट कैरेंस हाईस्कूल की टीम ने 2-1 के स्कोर से जीत हासिल की। विजेता टीम की ओर से आद्या ने सर्वाधिक दो गोल किए।

अंडर-19 बालिका वर्ग में बिहार की मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने प्रतापगढ़ की आइंस्टीन पब्लिक स्कूल को 17-3 से हराया। विजेता टीम के तरफ से जान्हवी ने सर्वाधिक आठ गोल किए। अंडर-14 बालक वर्ग में सनबीम स्कूल बलिया ने बिहार के संस्कार पब्लिक स्कूल को 3-0 से हराया।

विजेता टीम के खिलाड़ी आदर्श यादव ने तीन गोल किए। अंडर-14 बालिका वर्ग में बिहार की उषा पब्लिक स्कूल ने सेंट कैरेंस पब्लिक स्कूल पटना को 3-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से प्रिया ने तीन गोल दागे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि वीडीए के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला और विशिष्ट अतिथि साई के हार्ड परफॉर्मेंस कोच पीयूष दूबे ने संयुक्त रूप से किया।

स्वागत विद्यालय के निदेशक व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के कार्यकारी महासचिव अमित पांडेय ने किया। इस मौके पर सपना मौर्या, मोहित यादव, डॉ. निशांत सिंह, तरुण सक्सेना, केके पांडेय मौजूद रहे।

भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) बीएचयू सेंटर की ओर से फिट इंडिया साइकिल रैली रविवार सुबह सात बजे सीआरपीएफ पहड़िया गेट से निकाली जाएगी। बीएचयू साई सेंटर बीएचयू प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि साई सेंटर यूपी कॉलेज और बीएचयू के खिलाड़ी के अलावा सीआरपीएफ के जवान हिस्सा लेंगे।

एलआईसी की ओर से खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सिगरा के डॉ. संपूणानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने एथेलिक्ट, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन में प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर संजीव कुमार सिंह, अभिषेक पांडेय, हरीश तिवारी मौजूद रहे।

### सिगरा में फुटबॉल टीम का चयन ट्रायल पहली से

खेल विभाग की ओर से समन्वय से प्रदेशस्तरीय समन्वय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 1 से 8 अगस्त तक सिगरा स्टेडियम में खेली जाएगी। जिले की टीम का ट्रायल 26 जुलाई और वाराणसी मंडल के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 28 जुलाई को दोपहर बाद दो बजे होगा। खिलाड़ियों ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

खेल विभाग और तैराकी संघ की ओर से समन्वय प्रदेशस्तरीय सब जूनियर तैराकी शुक्रवार सुबह सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली गई। दूसरे दिन वाराणसी के आठ खिलाड़ियों ने नौ पदक जीते। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि 800 मीटर फ्री स्टाइल में वाराणसी के अंगद ने रजत, 200 मीटर बैक स्ट्रोक में अनन्या पटेल ने रजत, 800 मीटर में रिया पटेल ने कांस्य, 4 गुणा 100 मीटर मेडले में रजत, 800 और 100 मीटर बालिका वर्ग में गायत्री ने स्वर्ण, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वाति साहनी, 4 गुणा 100 मेडले बालिका वर्ग में स्वर्ण और कांस्य वाराणसी की टीम ने जीता।

11वीं एशियन महिला यूथ हैंडबॉल में काशी की बेटी नैना यादव ने चीन, जापान और कोरिया के खिलाफ गोल दागकर जिले का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल में चमक बिखेर रही नैना को पिता ने खेलने के बजाय पढ़ने और घर के कामकाज में हाथ बंटाने को कहा था। मां ने उसका साथ दिया और खेलने के लिए हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में वाराणसी की कोमल राय ने भी हिस्सा लिया। कोमल रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर खेलीं। नैना को मोस्ट वैल्यूएबल खिलाड़ी घोषित किया गया। वह विकास इंटर कॉलेज की कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। इसी कॉलेज की 12वीं की छात्रा कोमल राय गोलकीपर हैं। भारतीय टीम के साथ इस चीन में खेल रही हैं। प्रधानाचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि वाराणसी आने पर दोनों खिलाड़ियों का शानदार स्वागत किया जाएगा। दोनों खिलाड़ी बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में डॉ. आशा सिंह की देखरेख में अभ्यास करती हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता लखनऊ में होगी। वाराणसी संभाग के खिलाड़ियों को बीएचयू के टर्फ पर शुक्रवार को पेनल्टी कॉर्नर का अभ्यास कराया गया। केवी बीएचयू के प्रधानाचार्य एके सिंह ने बताया कि अंडर-14 और 17 की बालिका हॉकी का शिविर एस्ट्रोटर्फ पर लगाया गया है। 18 से 28 जुलाई तक 32 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम कोच सलीम और मनोज कुमार वर्मा है।



### केवी वाराणसी संभाग ने राष्ट्रीय में जीता रजत

केंद्रीय विद्यालय (केवी) की राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के जालंधर में खेली गई। फाइनल में वाराणसी संभाग को हराकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-17 उपविजेता और अंडर-14 की टीम ने कांस्य पदक जीता है। केवी बीएचयू के प्रधानाचार्य एके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता 21 से 25 जुलाई तक खेली गई। केंद्रीय विद्यालय वाराणसी संभाग की टीम लगातार जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। केवी बीएचयू के ओपी पांडेय, कमलेश प्रताप सिंह, सूबीन शर्मा, यूपी सिंह और आशीष कुमार सिंह ने बधाई दी है।

### ताइक्वांडो में खेलेंगे वाराणसी के आठ खिलाड़ी

सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जौनपुर के नानक पब्लिक स्कूल में 20 से 23 जुलाई तक खेली गई। वनिता पब्लिक स्कूल लहुराबीर के 14 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया। आठ खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। स्वर्ण और रजत जीतने वाले आठ खिलाड़ी इटावा के साई सिटी के माउंट लिटेरा में 3 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खेलेंगे। स्वर्ण पदक विजेता नमन पांडेय, गौरव शुक्ला, अर्थव सोनी, विनायक यादव रहे।

### बल्लू वर्मा के दो गोल से बीएलडब्ल्यू क्लब ने 1-0 से इंटर काशी को हराया

बरेका फुटबॉल टीम ने फॉर्वर्ड खिलाड़ी बल्लू वर्मा के दो गोल की बदौलत इंटर काशी क्लब को हरा दिया। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान पर खेली जा रही मोहम्मद राजाउद्दीन स्मृति जिला फुटबॉल लीग में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए। मैच का पहला गोल चौथे मिनट में बल्लू वर्मा ने किया और टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद फुटबॉल नर्सरी की टीम गोल करने में नाकाम रही।

पहले हाफ में स्कोर 1-0 रहा। दूसरे हाफ के 36वें मिनट में बल्लू वर्मा ने एक और गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन संयुक्त सचिव चितहर प्रसाद ने बताया कि मैच बरेका क्लब ने 2-0 से जीत लिया। बनारस स्पोर्टिंग क्लब बनाम फुटबॉल नर्सरी के बीच दूसरा मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

प्रादेशिक समन्वय बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता मथुरा में खेली गई। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 21 से 23 जुलाई तक खेली गई। इसमें बीएचयू साई सेंटर की चांदनी मौर्या ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है।

वहीं, गोरखपुर की खुशी तिवारी ने स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय के लिए क्वालिफाई किया है। सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि सब जूनियर प्रादेशिक मुक्केबाजी प्रतियोगिता बीएचयू साई सेंटर की तीन मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सिगरा स्टेडियम की चंदौली की रुजिदा जबीर ने रजत, चंदौली की अदिति ने कांस्य, गाजीपुर की कृति कौर ने रजत, वाराणसी की एंजेल यादव ने रजत पदक जीता।

# कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी एवं शहीद परिवारों का सम्मान समारोह सम्पन्न



**भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा, कारगिल विजय दिवस केवल विजय का नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और बलिदान की भावना का पर्व है।**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद महानगर द्वारा कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एक संगोष्ठी एवं शहीद परिवारों के सम्मान समारोह का आयोजन जानकी सभागार, रामलीला मैदान, कविनगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात वक्ताओं ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की शौर्यगाथा का स्मरण किया।

मुख्य वक्तव्य में महापौर सुनीता दयाल ने कहा, कारगिल के रणबांकुरों ने जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरणा देता रहेगा। हमें अपने शहीदों पर गर्व है और उनके परिवारों के सम्मान की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा, कारगिल विजय दिवस केवल विजय का नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और बलिदान की भावना का पर्व है। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान करके हम राष्ट्रभक्ति की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में गाजियाबाद महानगर के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं छात्र-युवा वर्ग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच से शहीदों के परिजनों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# 'मेरा युवा भारत, गाजियाबाद' ने मनाया कारगिल विजय दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरा युवा भारत, गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद में कारगिल विजय दिवस का आयोजन गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या वीणा दलाणिया ने की। कार्यक्रम के आरंभ में उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि 1999 में पाकिस्तान की सेना ने कारगिल और द्रास की ऊँची पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। इन पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने हेतु भारत सरकार ने 'ऑपरेशन विजय' आरंभ किया। भारतीय सैनिकों ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों और ऊँचाई पर बैठे दुश्मनों के विरुद्ध अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करते हुए 26 जुलाई 1999 को इन पहाड़ियों को पुनः अपने नियंत्रण में लिया। इसी विजय की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी पल्लवी शर्मा ने बताया कि इस युद्ध में भारत के लगभग 527 वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी अतुलनीय बहादुरी के लिए चार सैनिकों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पलक चौधरी, जिया एवं शिवांगी ने कारगिल युद्ध के शहीदों को समर्पित भावपूर्ण विचार प्रस्तुत किए, जिनमें उन्हें क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. नीलम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन अत्यंत कुशलता से किया। शहीदों के सम्मान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या वीणा दलाणिया ने सभी छात्राओं से पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया डॉ. नीलम, रेखा गुप्ता एवं प्रकाश तिवारी ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल, तथा सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मैराथन की तैयारियों के मद्देनजर प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने सिटी फारेस्ट का लिया जायजा

## डीसीपी ट्रांसहिंडन एवं एडीसीपी ट्रैफिक के साथ की मंत्रणा

**आज होगी रन फॉर ग्रीन मैराथन गाजियाबाद**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर 27 जुलाई दिन रविवार को होने वाली ग्रीनाथॉन की थीम रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के मद्देनजर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा शनिवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित सिटी फारेस्ट का जायजा लिया। इस बीच डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल और एडिशनल एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद सिंह के साथ मंत्रणा की और मैराथन के रूट का जायजा लिया। देर शाम को सिटी फारेस्ट में प्राधिकरण के अधीनस्थ अधिकारियों और स्टाफ के साथ बैठक का आयोजन किया गया और अधीनस्थ अधिकारी एवं स्टाफ को जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट में प्रातः 5 बजे से जुम्बा और भांगड़ा का कार्यक्रम रखा गया है और प्रातः 5:30 बजे से 21.1 किलो मीटर की हाफ मैराथन दौड़ की शुरू आत होगी , 10 किलों मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा प्रातः 5:45 बजे से रखने का तय किया गया है जबकि 5 किलो मीटर की दौड़ का आयोजन प्रातः 6:15 बजे से किया जायेगा। इसी तरह 3 किलो मीटर की फन दौड़ प्रातः 6:30 बजे से होगी । प्रातः 8:30 से 9:00 बजे के बीच एक दौड़, एक पेड माँ के नाम से वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है ।

### मैराथन के रूट (एलिवेटेड रोड) का भी लिया जायजा

**करंट क्राइम।** इस मैराथन से प्रत्येक उम्र के लोग जुडे सकें इसके लिए इसे चार अलग श्रेणियों में रखा गया है, अर्थात 21.1 किलो मीटर, 10 किलो मीटर, 5 और 3 किलो मीटर फन रन। इस मैराथन की शुरूआत सिटी फारेस्ट से की जाएगी, एलीवेटेड रोड होते हुए मार्ग तय किया गया है। इस दिवस पर हिंडन नदी के किनारे पौधे भी लगाए जाएंगे। मैराथन में हिस्सा लेने वालों को टी शर्ट, मैडल तथा सार्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मैराथन में विजेताओं को नगद धनराशि से भी सम्मानित किया जाएगा, 21.1 किलो मीटर मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 21 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ साथ प्रथम रनर को 11 हजार एवं द्वितीय रनर को 5100 रूपए एवं 10 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 11 हजार एवं प्रथम रनर को 5100 और द्वितीय रनर को 3100 एवं 5 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 5100 तथा प्रथम रनर को 3100 और द्वितीय रनर को 2100 नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनाया कारगिल विजय दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस रूप में मनाया गया। यह दिन हम अपने देश के वीर जवानों की याद में मनाते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को दुश्मनों से आजाद कराया। हमारा यह परम कर्तव्य है कि इस दिन हम अपने शहीदों की याद में उन्हें अपना श्रद्धासुमन अर्पित करें जिन्होंने कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की।

कारगिल के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर तिरंगा फहराया आन बान शान हमारे कारगिल के योद्धा जिन्होंने अपनी प्राणों की आहुति देकर दुश्मनों को रौंद दिया अपने जनपद गाजियाबाद के डासना शहीद स्थल पर साथियों सहित पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित रहे अश्वनी त्यागी जिला कोषाध्यक्ष, आसिफ यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, अनवर कुरैशी डासना अध्यक्ष, राजेंद्र त्यागी पूर्व सैनिक, के इस्लाम बंजारा, देवेंद्र शर्मा, जगदीश सैनी, मोहित त्यागी, सुरेश शर्मा और सूफी, इमरान कुरेशी, पन्नालाल, फरमान अली, सतीश वाल्मीकि, आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी द्वारा खबर प्रेषित आदि तमाम कांग्रेस के लोग पहुंच कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पार्षद नरेश भाटी ने किया कार्यकर्ताओं का स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मंडल उपाध्यक्ष लव कुमार का पटका पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक संबंधों को मजबूत करने और समर्थन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष लव कुमार ने कहा कि पार्टी के प्रतीक एकता और समर्थन को बढ़ावा देना का कार्य करूंगा।

उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो कार्यक्रम चल रहा है एक पेड़ मां के नाम के तहत भी पार्कों में मेरे द्वारा सेकड़ों पौधे लगाए गए है।

### अतिक्रमण पर ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर चलने से दो दर्जन दुकाने ध्वस्त

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के पतवाड़ी गांव से सटे सेक्टर 2 और 3 की ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध मार्केट पर शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। इस कार्रवाई में दो दर्जन दुकानें ध्वस्त कर दी गई। इस कार्रवाई में लगभग एक लाख वर्ग मीटर ग्रीन बेल्ट की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने मलवा हटाने के साथ ही पौधरोपण भी शुरू करा दिया है।




## कांवड़ यात्रा के लिए प्रभारियों व अधिकारियों को मिले प्रशस्त्रि पत्र

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए अधिकारी आए तो नई व्यवस्था भी बेहतर बनाई जा रही हैं। बीते दिनों जिस तरह से कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक समाप्त किया गया है उसके बाद कमिश्नरेट पुलिस की चर्चा लखनऊ तक होने की जानकारी मिल रही है। इसी के साथ जिस तरह से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों ने मेहनत की थी वो भी किसी से छुपी नहीं है। कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर और अपने-अपने थानाक्षेत्रों में बेहतर कानून व्यवस्था और कांवड़ यात्रा सफल करने वाले प्रभारियों और अधिकारियों को पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र भेजे गए हैं। बड़े साहब द्वारा जारी किए गए इस पत्र में पुलिसकर्मियों को न सिर्फ धन्यवाद दिया गया है बल्कि पूरी मेहनत के साथ कार्य करने की प्रशंसा भी की गई है। इसके साथ ही गस्टेड अधिकारियों को बाकायदा गोपनीय लिफाफे में पत्र पैक करके इन प्रशस्ति पत्रों को भेजा गया है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जब पीले रंग का बड़ा लिफाफा पहुंचा तो कोई टेंशन में आ गया और किसी ने अपनी अटेंशन बढ़ा दी थी।




कुल मिलाकर जब यह पत्र पहुचे तो कोई खुश नजर आया तो किसी ने इसे सोशल मीडिया से लेकर स्टेट्स तक लगाए गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि प्रशस्त्रि पत्र उनको भी मिल गया जिन्होंने ड्यूटी में बंक मारा था और एक बंकर से बाहर नहीं निकले थे। उनके थाने का घेराव भी हुआ था। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से सिटी वाले साहब ने यात्रा को महत्वपूर्ण ढंग से कम समय में संभालकर दिन से लेकर रात और सुबह से लेकर शाम तक कई-कई बार निरीक्षण व स्थिति को कंट्रोल किया वो शानदार रहा। तो वहीं इस बार कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी और उनके साथ उनके एसीपी भी कदम से कदम मिलाते हुए नजर आए हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो वर्ष 2025 की कांवड़ यात्रा शुरूआती समस्या, परेशानी, हंगामों और बवाल के बाद जिस तरीके से शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई उससे सभी ने राहत की सांस ली है। तो अधिकारियों को जो प्रशस्ति पत्र मिला है इसकी शान भी बढ़ गई है। कब आने वाले माह में कई बड़े आयोजन और त्योहार फिर से हैं। उसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का क्या प्लान रहेगा। कौन सा अधिकारी ज्यादा एक्टिव नजर आएगा, यह देखना बाकी है।

# प्राधिकरण ने लगाया 1.10 लाख का जुर्माना


## उद्यान रखरखाव में लापरवाही पर 4 कंपनियों पर कार्रवाई, अतिक्रमण भी रुकवाया



**नोएडा (करंट क्राइम)।** प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने उद्यान कार्यों के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाली 4 फर्मों पर 1.10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। यह जुमार्ना इन फर्मों को होने वाले भुगतान से काटा जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम ग्रीन बेल्ट, पार्क और सेंट्रल वर्ज के रखरखाव की नियमित निगरानी कर रही है। ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग के डीजीएम के नेतृत्व में टीम ने चार अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण किया। सेक्टर गामा वन में सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के उचित रखरखाव न होने पर मैसर्स मानवी कंस्ट्रक्शन पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। सेक्टर बीटा वन में पार्कों के रखरखाव में कमी पाए जाने पर मैसर्स सरिता इंटरप्राइजेस पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। 130 मीटर रोड के सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के रखरखाव में खामी मिलने पर मैसर्स वंशिका लैंडस्केप पर 30 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई। एसीसी प्लांट से तगड़ी गेट तक ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के उचित रखरखाव न होने पर मैसर्स एमएसवी एसोसिएट्स पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम ने सेक्टर म्यू वन की ग्रीन बेल्ट में हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोक दिया है। टीम ने वहां से निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली है। ओएसडी गुंजा सिंह ने अतिक्रमण वाले स्थान पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कोई पौधे को हटाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण हरित क्षेत्रों के संरक्षण और उचित रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर गिरा, तीन छात्र घायल



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के कोतवाली बाबूगढ़ क्षेत्र के भमैड़ा गांव में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सरकारी प्राथमिक विद्यालय की कक्षा-5 की छत से अचानक लेंटर का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में कक्षा में पढ़ रहे तीन छात्र घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, नियमित कक्षा संचालन के दौरान शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे थे। तभी कक्षा 5 के कमरे की छत से अचानक सीमेंट और मलबा बच्चों पर आ गिरा। अचानक हुए हादसे से कक्षा में चीख-पुकार मच गई। सभी छात्र-छात्राएं घबराकर बाहर भागे।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए विद्यालय प्रशासन की सूचना पर मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भवन की स्थिति का जायजा लिया। बाबूगढ़ कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में तीन बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। भवन की सुरक्षा को देखते हुए कक्षा को फिलहाल खाली करवा दिया गया है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**गाजियाबाद नगर निगम वार्ड 61 वसुंधरा से पार्षद शिल्पा चौधरी जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई।**










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा के वार्ड संख्या 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी को उनके जन्मदिन पर उनके पति आशीष चौधरी ने विशेष बधाई और शुभकामनाएं दीं। आशीष चौधरी ने अपनी पार्षद पत्नी शिल्पा चौधरी के बर्थडे की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# इस्राइली हवाई हमलों और गोलीबारी में मारे गए 25 फलस्तीनी, मदद पाने की कोशिश में कई घायल



**गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इस्राइली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इस्राइल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है**

**दीर अल बलाह ।** शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रॉसिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इस्राइली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे।

यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इस्राइल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इस्राइली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया।

मिस्र और कतर ने कहा कि यह वाताएं अस्थायी रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है।

हालांकि, इस्राइली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इस्राइली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रॉसिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी।

# थाईलैंड कंबोडिया: सीमा पर गोलाबारी जारी, मौत का आंकड़ा 32 तक पहुंचा




**बैंगकॉक ।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर जारी तनावपूर्ण हालात अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। कंबोडिया के अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि सीमा पर संघर्ष के चलते 12 नई मौतें हुई हैं। इस तरह अब तक दोनों देशों में कुल 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में सैनिकों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं।

संघर्ष के चलते दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 58,000 से ज्यादा लोग प्रभावित जिलों से निकाले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के अधिकारियों का कहना है कि करीब 23,000 लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में आपात बैठक बुलाई और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र और आसियान की मध्यस्थता की पहल कंबोडिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने संघर्ष को लेकर यूएन से तत्काल संघर्षविराम की अपील की और कहा कि उनकी ओर से आक्रामकता नहीं की गई। उधर, अरएअठ (आसियान) की अध्यक्षता कर रहे मलेशिया ने भी इस तनाव को खत्म करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बताया कि दोनों देशों ने संघर्षविराम की सैद्धांतिक सहमति दी है।

## विवाद का कारण और बढ़ते टकराव

तनाव की शुरूआत मई में हुई थी जब एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया। हाल ही में सीमा पर बारूदी सुरंग फटने से पांच थाई सैनिक घायल हुए, जिससे टकराव और बढ़ गया। इसके बाद थाई सेना ने जवाबी कार्रवाई की और सीमा पर कई स्थानों पर भारी गोलाबारी हुई।

# दिल्ली ने दिखाया बड़ा दिल: समुद्र सुरक्षा-हिंद महासागर में शांति के लिए काम करेंगे भारत-मालदीव



**माले ।** भारत और मालदीव व्यापार, रक्षा, बुनियादी ढांचा, समुद्री सुरक्षा साझेदारी, हिंद महासागर क्षेत्र में शांति-समृद्धि और स्थिरता कायम करने जैसे अहम मुद्दों पर सहयोग और बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता में यह सहमति बनी है। भारत के तट से करीब 1516 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में बसा द्विपीय देश मालदीव समुद्री सुरक्षा के लिहाज से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

वार्ता के बाद पीएम मोदी ने कहा, भारत और मालदीव के संबंधों की जड़ें इतिहास से भी पुरानी और समुद्र जितनी गहरी हैं। सभी भारतीयों की ओर से मैं राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की जनता को स्वतंत्रता की 60वीं ऐतिहासिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं राष्ट्रपति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी, शनिवार को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

खास बात यह है कि भारत और मालदीव इसी वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। वार्ता के बाद मोदी और मुइज्जू ने दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं वाले डाक टिकट भी जारी किए। पीएम मोदी ने कहा, हमने दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं वाले डाक टिकट जारी किए। यह दशार्ता है कि हम न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि मित्र भी हैं।

वहीं, राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा, मैं मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल को 72 वाहन प्रदान करने के लिए भारत के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। 4,000 आवास इकाइयों वाली परियोजना में शेष 3,300 आवास इकाइयों का हस्तांतरण मालदीव में आवास आवश्यकताओं को पूरा करने की मेरी सरकार की नीति में एक बड़ा कदम है। मैं स्वास्थ्य क्षेत्र में मालदीव के प्रमुख भागीदार के रूप में भारत सरकार की भूमिका के लिए उसे धन्यवाद देता हूँ। भारत मालदीव के पर्यटन के लिए एक प्रमुख स्त्रोत बाजार बना हुआ है।

# रूस और यूक्रेन ने एक दूसरे पर बरसाए बम हवाई हमलों में चार लोगों की मौत, कई घायल



**कीव ।** रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को रात भर एक दूसरे पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में दोनों देशों में दो-दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी ड्निप्रो और उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्रों पर रॉकेट और ड्रोन से हमले किए गए। ड्निप्रो के प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि इस हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए।

ड्निप्रो शहर में हमले के दौरान एक बहुमंजिला इमारत और व्यवसायिक प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए और इस क्षेत्र में एक शॉपिंग सेंटर में आग लग गई। सुमी में तीन लोग घायल हुए हैं। खारकिव में रात भर भीषण हवाई बमबारी हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर तीन घंटे की अवधि में चार गाइडेड हवाई बम, दो बैलिस्टिक मिसाइल और 15 ड्रोन दागे गए।

खारकिव के मेयर ने कहा कि हमले में ऊंची आवासीय इमारतें, स्थानीय व्यवसाय, सड़कें और संचार नेटवर्क क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बचावकर्मी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, रूस ने दूसरा हमला शुरूआती हमले में घायल हुए लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे आपातकालीन कर्मचारियों को निशाना बनाकर किया। वायु सेना की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने रात भर में कुल मिलाकर 208 ड्रोन और 27 मिसाइलों से यूक्रेन को निशाना बनाया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, एयर डिफेंस और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर ने 183 ड्रोन और 17 मिसाइलों को मार गिराया या रोक दिया, लेकिन नौ स्थानों पर 10 मिसाइलों और 25 ड्रोनों से हमले दर्ज किए गए। रूस ने भी किया लोगों की मौत का दावा वहीं, रूसी अधिकारियों ने भी यूक्रेनी ड्रोन हमलों की पुष्टि की है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रंप को फिर बड़ा झटका, जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक




**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने शुक्रवार को एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इनकार किया गया था। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थायी वीजा पर हैं।

ट्रंप प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा। मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो ट्रंप के फैसले पर कोर्ट की सख्ती गौरतलब है।

# उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में हिमनद के कारण बाढ़ का खतरा, चेतावनी जारी, भारी बारिश का पूर्वानुमान



**पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हिमनद से बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है और आने वाले हफ्ते में भारी बारिश का पूवार्नुमान है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अधिक बारिश हुई है, जिसके कारण मौसम विभाग ने बाढ़ की संभावना को लेकर अलर्ट जारी किया है**

**पेशावर ।** स्थानीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता अनवर शाहजाद ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जुलाई के मध्य में एक पत्र में कहा था कि लगातार उच्च तापमान के कारण बर्फ और ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो सकता है, जिससे क्षेत्र में मौसम संबंधी आपदाएं हो सकती हैं।

खैबर पख्तूनख्वा के पर्यटन विभाग के अब्दुल समद ने बताया कि बादल फटने की वजह से शुक्रवार रात नारण में सड़क बंद हो गई थी, जिसके बाद बचाव दल ने 500 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अधिकारियों ने मलबा हटाने और रास्ता खोलने के लिए भारी मशीनरी तैनात की है।

पड़ोसी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सैकड़ों तंबू, हजारों खाद्य पैकेट और दवाइयां वितरित की हैं। प्रवक्ता फैजुल्लाह फिराक ने शनिवार को कहा कि कुछ इलाकों में भारी तबाही हुई है, जहां मकान, सड़कें, फसलें और व्यवसाय बर्बाद हुए हैं। बाबुसर राजमार्ग पर नौ गांवों में बाढ़ आई है, जहां लापता लोगों की खोज जारी है। हेलीकॉप्टर ने फेयरी मीडोज के लोकप्रिय स्थान पर फंसे पर्यटकों को बचाया है। पाकिस्तान में इस मॉनसून सीजन में औसत से अधिक बारिश हुई है, जिससे 2022 में हुई भीषण बाढ़ की पुनरावृत्ति का डर है। 2022 की बाढ़ ने देश के एक तिहाई हिस्से को पानी में डुबो दिया था और 1,737 लोगों की मौत हुई थी। इस सीजन में अब तक लगभग 260 लोगों की मौत हो चुकी है, जो मध्य सितंबर तक जारी रहेगा।

# गिस्लेन ने 100 लोगों से जुड़े सवालों के दिए जवाब 20 साल की सजा काट रही है एपस्टीन की पूर्व साथी




**अमेरिका में इन दिनों जेफ्री एपस्टीन की मौत का मामला लगातार से चर्चा में है। इसी बीच जेफ्री एपस्टीन की पूर्व प्रेमिका और अब जेल में बंद गिस्लेन मैक्सवेल ने अमेरिकी न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ लगभग डेढ़ दिन तक चली पूछताछ में करीब 100 लोगों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। उनके वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने बताया कि मैक्सवेल ने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से जवाब दिए, किसी भी सवाल से बचने की कोशिश नहीं की और किसी कानूनी विशेषाधिकार का हवाला नहीं दिया**

**वॉशिंगटन ।** बता दें कि मैक्सवेल इस समय 20 साल की सजा काट रही हैं और फ्लोरिडा की एक लो-सेक्योरिटी जेल में बंद हैं। उन्हें तीन साल पहले इस आरोप में सजा हुई थी कि उन्होंने करोड़पति जेफ्री एपस्टीन की नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण में मदद की थी। मैक्सवेल को ट्रंप से उम्मीद मामले में शुक्रवार को जब उनसे गिस्लेन मैक्सवेल को माफी (पार्डन) देने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। मैक्सवेल के वकील ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से किसी प्रकार की सौदेबाजी नहीं की, लेकिन उम्मीद जताई कि ट्रंप सही और न्यायसंगत फैसला लेंगे। इस बीच, न्याय विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई एपस्टीन क्लाइंट लिस्ट मौजूद नहीं है, और फिलहाल इससे जुड़ी कोई और जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी।

मैक्सवेल ने दोषसिद्धि के खिलाफ अपील भी की दायर गिस्लेन मैक्सवेल ने अपने दोषसिद्धि के खिलाफ अपील भी दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने पहले ही यह वादा किया था कि एपस्टीन के किसी भी सहयोगी पर दोबारा केस नहीं चलेगा। ऐसे में यह मामला अभी भी कई सवालों के घेरे में है, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें कई चर्चित हस्तियों के नाम जुड़ते रहे हैं, जिनमें राष्ट्रपति, अरबपति और राजघरानों के सदस्य भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि यह पूछताछ अमेरिका के उप अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच द्वारा की गई, जो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस निर्देश के तहत काम कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने अन्य संभावित अपराधियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाने और सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। हालांकि मामले में ट्रंप पर भी एपस्टीन से पुराने संबंधों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ये अलग बात है कि उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा कि उन्होंने एपस्टीन से बहुत पहले संबंध तोड़ दिए थे।

# हवा में टला बड़ा विमान हादसा: टेकऑफ के तुरंत बाद जमीन पर गिरने लगी साउथवेस्ट की फ्लाइट



**लास वेगास ।** अमेरिका में शुक्रवार को एक बड़ा हवाई हादसा टल गया, जब साउथवेस्ट एयरलाइंस की एक फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही मिनट बाद अचानक हवा में नीचे गिरने लगी। फ्लाइट नंबर 1496 कैलिफोर्निया के हॉलीवुड बरबैंक एयरपोर्ट से लास वेगास जा रही थी। इस घटना में दो फ्लाइट अटेंडेंट घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के अनुसार, विमान को हवा में एक अन्य विमान के नजदीक आने की चेतावनी मिली थी।

एफएए ने बताया कि विमान को टक्कर से बचाने के लिए पायलट को पहले विमान को ऊंचाई पर ले जाना पड़ा और फिर अचानक नीचे लाना पड़ा ताकि टक्कर टाली जा सके। एयरलाइन ने बताया कि क्रू को दो बार अलर्ट मिला और उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऊंचाई में बदलाव किया। इस दौरान प्लेन में तेज झटका लगा और फ्लाइट अटेंडेंट चोटिल हो गए। विमान में सवाल कॉमेडियन जिमी डोर ने साझा किया अनुभव इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिकियाएं सामने आने लगी। इसी में एक फ्लाइट में सवार कॉमेडियन जिमी डोर ने अपना डरावना अनुभव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने बताया कि टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान को टक्कर से बचाने के लिए पायलट को अचानक नीचे की ओर तेजी से लाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पायलट ने हमें सूचना दी कि विमान की टक्कर होने की चेतावनी दी गई है और सामने से आ रहे एक विमान से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी था। लोगों ने साझा किया डरावना अनुभव डोर ने बताया कि विमान की नीचे आने की गति इतनी तेज थी कि वे खुद और कई यात्री सीटों से उछलकर छत से टकरा गए। एक फ्लाइट अटेंडेंट को चोट लगी और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ी। वहीं कुछ यात्रियों ने यह भी बताया कि प्लेन में सवार सभी लोग डर के मारे सहम गए थे। हालांकि डरावने अनुभव के बाद फ्लाइट ने लास वेगास में सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइन ने बयान जारी कर कहा कि वह एफएए के साथ मिलकर मामले की पूरी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हादसा टेकऑफ के कुछ मिनट बाद हुआ। पायलट ने टक्कर से बचने के लिए तुरंत रिएक्शन दिया। घटना में दो फ्लाइट अटेंडेंट घायल हुए। फ्लाइट बाद में लास वेगास में सुरक्षित उतरी।

# मॉक एक्सरसाइज 'सुरक्षा चक्र' भूकंप एवं केमिकल हजार्ड के संबंध में बैठक आयोजित

## उपाध्यक्ष योगेंद्र डिमरी का जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया स्वागत, कारगिल शहीदों का किया याद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष योगेंद्र डिमरी (पीएसएम एबीएसएम वीएसएम) उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद गाजियाबाद में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली के मॉक एक्सरसाइज " सुरक्षा चक्र" भूकंप एवं केमिकल हजार्ड जो देश के तीन राज्यों में दिल्ली,उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 1 अगस्त 2025 को आयोजित की जा रही है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य से दो जनपद गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर को उक्त एक्सरसाइज हेतु चिन्हित किया गया है । उक्त एक्सरसाइज को लेकर दोनों जनपदों में क्या तैयारी की गई है इसकी समीक्षा हेतु माननीय उपाध्यक्ष द्वारा जनपद गाजियाबाद के विकास भवन के 'दुर्गावती सभागार' में सभागार में दोनों जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित जनपद गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद के सम्बंधित अधिकारीगण, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, एनसीसी, आपदा मिश्र, एनजीओ सहित अन्य उपस्थित रहे। लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम के विकास भवन पहुंचे पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तद्क्रम में जिलाधिकारी



द्वारा पौधा भेंट व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कारगिल शहीदों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक के दौरान योगेन्द्र डिमरी ने कहा कि आपदा के दौरान किसी भी पैनिक नहीं होना चाहिए। इस दौरान सम्बंधित क्षेत्र के नोडल को यह देखना चाहिए कि कहां ज्यादा मैन फोर्स भेजने की आवश्यकता है या किसी प्रकार से शीघ्र से शीघ्र लोगों की जानमाल की सुरक्षा करनी है।

बैठक के दौरान एडीएम एफ/आर गाजियाबाद सौरभ भट्ट ने अवगत कराया कि आदेशों के क्रम में 01 अगस्त 2025 को मॉक एक्सरसाइज हेतु 5 स्थानों का चयन करते हुए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं जिसमें स्कूल/कालेज में इन्ग्राहम इंटर कालेज, राजनगर गाजियाबाद, जिसमें नोडल अधिकारी तहसीलदार, सदर। आवासीय क्षेत्र में वी0वी0आई0पी एड्रेसिस सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद, जिसमें नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी, सदर। औद्योगिक क्षेत्र में (एम0ए0एच0 यूनिट) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, ग्राम टीला सहबाजपुर, लोनी, जिसमें नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी, लोनी। अस्पताल में जिला सयुक्त अस्पताल, संजय नगर गाजियाबाद, जिसमें नोडल अधिकारी अपर उप जिलाधिकारी, गाजियाबाद व सरकारी भवन में मोदीनगर तहसील भवन, जिसमें नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी, मोदीनगर होंगे। एडीएम एफ/आर गौतमबुद्ध नगर श्री अतुल द्वारा भी गौतमबुद्ध नगर से सम्बंधित जानकारी व तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया।

## बिजली कटौती से परेशान लोगों ने आधी रात को डीएम आवास पर किया हंगामा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करंट क्राइम। गाजियाबाद में इन दिनों बिजली की भारी कटौती की जा रही है। चाहे ग्रामीण इलाके हो या शहरी, हर जगह घंटों तक बिजली नदारद रहती है। अगर हल्की बारिश भी हो जाए तो फिर बिजली कटौती और बढ जाती है। उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानी इस बात को लेकर होता है कि बिजली कटौती होने पर बिजली घरों को फोन करने पर फोन नहीं उठता है।

ऐसा ही हुआ शुक्रवार को लाल कुआं में। भारी कटौती से लोगों का गुस्सा सर चढ गया। क्षेत्र के लोग शुक्रवार रात पहले तो बिजलीघर पहुंचे। संतोषजनक आश्वासन न मिलने पर उपभोक्ता करीब 15 किलोमीटर दूर रिक्शा और टेम्पो में सवार होकर रात करीब एक बजे डीएम आवास पहुंचे। डीएम आवास पहुंचकर लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने कहा कि बिजलीघर के जूनियर इंजीनियर मनमानी कर रहे है। ना तो कोई जवाब देते है और ना ही कुछ करने को तैयार रहते हैं। गाजियाबाद के लाल कुआं की पांच कॉलोनी और उसके आसपास के क्षेत्र में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे नाराज स्थानीय और सोसाइटी में रहने वाले उपभोक्ताओं ने पहले बिजलीघर पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से आधी रात को जिलाधिकारी आवास पर प्रदर्शन किया।

लोगों ने बताया कि दो दिन पूर्व हुई तेज बरसात के चलते सब क्षेत्र की सोसाइटी और कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तीन दिन बाद भी बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं कराई गई। शुक्रवार की रात नौ बजे महिलाओं ने लाल कुआं स्थित बिजलीघर पर विद्युत आपूर्ति को लेकर हंगामा किया। संतोषजनक आश्वासन न मिलने पर उपभोक्ता करीब 15 किलोमीटर दूर रिक्शा और टेम्पो में सवार होकर रात करीब एक बजे डीएम आवास पहुंचे। जहां लोगों ने बिजलीघर के जूनियर इंजीनियर पर लापरवाही के आरोप लगाए। उपभोक्ताओं ने बताया कि जिलाधिकारी के प्रतिनिधि ने लोगों को जल्द बिजली आपूर्ति शुरू होने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग अपने अपने घर लौटे।

## हरियाली तीज का त्योहार महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। तीज पर्व के कार्यक्रम में पूर्व में आशा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। तीज महोत्सव के इस कार्यक्रम में 16 श्रृंगार बेस्ट क्वीन का पुरस्कार संजू यादव को मिला। वही इस कार्यक्रम में रैंप वॉक में प्रथम स्थान हरप्रीत नेहा शिव किया और बेस्ट बधनी थीम ड्रेस प्रतियोगिता में डिंपी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

### परीक्षा हेतु जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए : जिलाधिकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा–2025 जो 27 जुलाई 2025 को होगी, को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में केन्द्र व्यवस्थापक व सैक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक दो चरणों में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी एवं परीक्षक को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं। परीक्षा केन्द्र पर पानी, टॉयलेट, हवा, रोशनी इत्यादि की विशेष सुविधा हो इसका ध्यान रखा जाएं। सभी लोगों आपसी समन्वय बनाते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, नकल विहीन एवं शांन्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक के दौरान बताया गया कि की परीक्षा हेतु 23,800 अभ्यर्थी हैं। परीक्षा 50 सेन्टरों पर पूर्ण कराई जायेगी। जिसके लिए पुलिस विभाग की टीम के साथ, केन्द्र व्यवस्थापक- 50 व 50 सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त हैं। परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 से अपराह्न 12:30 बजे तक होगी। सभी अभ्यर्थी की परीक्षा केन्द्र में पूर्वाह्न 8:00 से 8:45 तक ही प्रवेश करगें, उसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि सम्बंधित सभी अधिकारी परीक्षा सम्पन्न कराने से सम्बंधित बुकलेट को अवश्य पढ़े। सभी अधिकारी अपने–अपने सेन्टरों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लें, जिससे परीक्षा दिवस में कोई समस्या ना हों। परीक्षा केन्द्र में समय से पहुंचे और सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारियों से समन्वय बनाएं, जिससे की कोई असुविधा ना हो। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बीएसएनएल के प्रतिनिधियों ने सांसद अतुल गर्ग से की शिष्टाचार भेंट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीएसएनएल द्वारा किये जा रहे नेटवर्क सुधार एवं विस्तार के सम्बन्ध में बीएसएनएल गाज़ियाबाद के उप महाप्रबंधक वी एस प्रबला कुमार, राजीव कुमार सहायक महा प्रबंधक, रेखा अनुज वाणिज्य अधिकारी के एक दल ने सांसद अतुल गर्ग से शिष्टाचार भेंट की।



बैठक के दौरान बीएसएनएल गाज़ियाबाद द्वारा किये जा रहे सकारात्मक प्रयासों से सांसद अतुल गर्ग को अवगत कराया गया। बैठक में भारत सरकार की महत्वाकंक्षी योजना 'भारत नेट' के बारे में चर्चा हुई जिसमें भारत के प्रत्येक गांव को डिजिटल माध्यम से जोड़ना ध्येय है।

इस योजना के तहत बीएसएनएल गाज़ियाबाद के अन्तर्गत 5 जिलों (गाज़ियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ एवं हाथरस) के 2484 गाँवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है और नेटवर्क गुणवत्ता एवं विस्तार हेतु कार्य प्रगति पर है।

भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत प्रथम स्वदेशी 4जी तकनीकी के उपकरणों को त्वरित गति से लगाया जा रहा है। जिला गाज़ियाबाद के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को छोड़ कर 5 जिलों के शेष सभी क्षेत्रों में नेटवर्क की बेहतर गुणवत्ता के लिए टॉवरों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की जा रही है।

## जारी रहा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का सिलसिला











गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए राजनीति की दिग्गज हस्तियां पहुंची है। शनिवार को भी उनके लोहिया नगर स्थित आवास पर राजनीति के प्रमुख लोग पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल, पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़, सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष व महापौर सुनीता दयाल, प्रदेश मंत्री चंद्रमोहन सिंह, गौतमबुद्धनगर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक मुकुल उपाध्याय, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अशोक गोयल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व डीसीबी चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह, सपा नेत्री मधु चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने उन्हे श्रृद्धांजलि अर्पित की।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ कैम्ब्रिज कक्षाओं का वार्षिकोत्सव







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में शनिवार को कैम्ब्रिज कक्षाओं का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें कैम्ब्रिज कक्षाओं के एक से छह तक के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। यह समारोह दो पारियों में सपन्न हुआ। विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। समारोह के मुख्य अतिथि डा० भानु बत्रा और डा० विधि सरीन रहे। समारोह के प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सत्र 24-25 की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इसकी कहानी 'मैं, मेरा और मेरी बबल दुनिया' थी जिसकी प्रस्तुति अंग्रेजी में थी। कहानी यह संदेश देने का प्रयास करती है कि हर कार्य को करने का सही समय व सही स्थान होता है जिसके अनुसार ही व्यक्ति को उसे समझना व उसका सम्मान करना चाहिए। छात्रों के अभिनय, नृत्य तथा संगीत ने सभी का दिल जीत लिया। आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों ने छात्रों की इस प्रस्तुति का भरपूर आनन्द उठाया व उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डा० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय, नृत्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी तथा अतिथिगणों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आर.के.जी.आई.टी.एम. संस्थान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में स्थित इजीनियरिंग संस्थान अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज ने 26 जुलाई को राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जिससे संस्थान को इंजीनियरिंग की शिक्षा में एक बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

दोनों संस्थानों में शिक्षा की पहुँच को बढ़ाने का यह एक रणनीतिक कदम है। अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, जो कि एक मूल्यवान शिक्षा के लिए क्षेत्रीय नोडल केन्द्र के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है, ने राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट संस्थान को एक मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ स्थापित करने और भविष्य में एक नोडल केन्द्र बनाने के लिए तैयार करने में मार्गदर्शन



प्रदान करेगा। इस सहयोग के तहत पूरा मार्गदर्शन, नीतियां, सर्वोत्तम अभ्यास, विषयवस्तु साझा करना आदि सार्वभौमिक मानव मूल्यों (यू०एच०वी०) में एक मजबूत आधार बनाने में मदद करने के लिए अनुभवी संसाधन एवं व्यक्तियों को तैनात करेगा।

इस समझौता ज्ञापन पर ए०के०जी०ई०सी० के निदेशक प्रो० (डॉ०) हेमन्त आहूजा और आर० के०जी०आई०टी०एम० के निदेशक प्रो० (डॉ०) राकेश गोयल ने हस्ताक्षर किए। मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ० गोपाल बाबू और दोनों संस्थानों के मूल्य शिक्षा एफ एम भी उपस्थित थे। यह पहल मूल्य–आधारित शिक्षा को मजबूत करने और शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र में समग्र विकास को बढ़ाया देने की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम है।

संस्थान के चेयरमैन दिनेश गोयल जी ने इस समझौता ज्ञापन की अति प्रसशा की है। इस अवसर पर आर०के० जी०आई० टी०एम० संस्थान की डीन प्रो० मनोरमा शर्मा मौजूद रही।

## दो मुस्लिम महिलाओं ने सनातन धर्म अपनाया, किया घर वापसी का ऐलान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहाँ सोनिया खान और खुशबू खान ने इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म को अपनाया। इन दोनों महिलाओं की विधिवत पूजा–पाठ के साथ घर वापसी करवाई गई, जिसकी अगुवाई हिंदू रक्षा दल (एचआरडी) के प्रमुख पिंकी चौधरी ने की।



धर्म परिवर्तन के बाद खुशबू ने अपना नाम बदलकर खुशबू चौधरी रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस्लाम में महिलाओं को बच्चा पैदा करने की मशीन समझा जाता है और उन्हें हलाला जैसे रिवाजों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं को देवी तुल्य माना जाता है, जो उन्हें आत्मसम्मान और आजादी का अहसास कराता है। खुशबू ने बताया कि उन्होंने सात साल पहले एक हिंदू युवक से शादी की थी, जिसके बाद वह लगातार महसूस कर रही थीं कि सनातन धर्म उनके लिए अधिक स्वीकार्य है। दोनों महिलाओं ने कहा कि वह इस्लाम धर्म की रीति–नीतियों से असहज और असहमत थीं, और उन्हें अब अपने नए धर्म में सम्मान और मानसिक शांति महसूस हो रही है। हिंदू रक्षा दल के पिंकी चौधरी ने कहा कि उनकी टीम ऐसे मामलों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है और जो भी महिलाएं स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन कर घर वापसी करना चाहती हैं, उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है।